

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया ...

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अनिवार्य सैन्य सेवा के तहत भर्ती सिपाहियों ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 297 | नई दिल्ली, रविवार, 10 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## पीएम ने पूर्वोत्तर में सेला सुरंग समेत 55,600 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

प्रात: किरण

ईटानगर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का काम किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में 55,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा, हमने पूर्वोत्तर में पिछले पांच साल में जो किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चूंकि वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, इसलिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उन पर हमला कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री शनिवार को असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से



अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि इन परियोजनाओं से असम में विकास की गति और भी तेज होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास भी और विरासत भी विकास के साथ-साथ विरासत हमारी डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में सरकार पूर्वोत्तर को नजरअंदाज करती थी। हालांकि, मोदी पूरे पूर्वोत्तर को अपना परिवार मानते हैं।

इसीलिए उन परियोजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो वर्षो से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देने वाली कांग्रेस और उसके दोस्तों ने आजकल कहना शुरू किया है कि मोदी का परिवार नहीं है। उनकी गाली के जवाब में पूरा देश खड़ा हो गया है, पूरा देश कह रहा है – मैं हूं मोदी का परिवार। देश का ये प्यार मोदी को इसलिए मिलता है क्योंकि मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को सिर्फ अपना परिवार ही नहीं माना बल्कि उनकी दिनरात सेवा भी कर रहा है। काजीरंगा नेशनल पार्क की अपनी यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काजीरंगा अपनी तरह का अनूठा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व है। 70 प्रतिशत एक सींग वाले गैंडे काजीरंगा में हैं। उन्होंने दलदली हिरण, बाघ, हाथी और जंगली भैंसे जैसे वन्यजीवों के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के असंवेदनशील और अनियोजित संरक्षण के कारण काजीरंगा नेशनल पार्क में अवैध शिकार हुआ।

2013 में एक ही वर्ष में 27 गैंडों के शिकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके चलते गैंडा लुप्तप्राय हो गया। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने का आह्वान किया।

### पीएम ने पूर्वोत्तर में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

ईटानगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्वोत्तर में 55,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी शामिल है जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने ईटानगर में एक कार्यक्रम में मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। एक बयान के अनुसार, करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी सेला सुरंग इंजीनियरिंग का एक चमत्कार है। यह अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चारीद्वार-तवांग रोड पर सेला दर्रे से गुजरते हुए तवांग तक हर मौसम में संपर्क उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कई सड़कों के निर्माण, पर्यावरण तथा पर्यटन परियोजनाओं और स्कूलों को उन्नत बनाने की परियोजनाओं की भी नींव रखी। प्रधानमंत्री ने राज्य में जल जीवन मिशन की करीब 1,100 परियोजनाओं और सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के तहत 170 दूरसंचार टावरों का उद्घाटन किया जिससे 300 से अधिक गांवों को फायदा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 35,000 से अधिक मकान भी सौंपे।

# भाजपा ही पिछड़े और अतिपिछड़ों का कर सकती है भला : शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिवंगत कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का किया अनावरण

प्रात: किरण संवाददाता

- कांग्रेस व राजद ने हमेश पिछड़ों और अति पिछड़ों का किया अपमान

पालीगंज। बिहार दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने राजद व कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। शनिवार को राजधानी पटना के पालीगंज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने कितने घोटाले किए, यह पूरा देश जानता है। राजद और कांग्रेस केवल घोटाला करने वाली पार्टी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं पाटलिपुत्र की धरती को प्रमाण करता हूं। मैं सबसे पहले बिहार की जनता का हृदय से धन्यवाद करता हूं, क्योंकि हम यहां जब-जब आए, बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी। शाह ने कहा कि 2014 में आपने मोदी जी को 31 सीटें दी, 2019 में आए तो आपने 39 सीटें दी और 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है। कुछ दिन पहले ही मोदी जी आए थे, दो लाख करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात दी थी। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव सत्ता में रहे, लेकिन कपूर्री ठाकुर जी का सम्मान करने का काम नहीं किया। बिहार के पिछड़े वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। कांग्रेस और लालू जी पिछड़ों के नाम पर हमेशा अपने परिवार के बारे में सोचते रहे। सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य है अपने बेटे



राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना और लालू यादव का लक्ष्य है अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना। ऐसे लोग आपका भला कैसे करेंगे। भाजपा ही केवल दलित, पिछड़े और अतिपिछड़ों का भला कर सकती है। अमित शाह ने केंद्र सरकार की कई विकास योजनाओं को गिनाया। अमित शाह ने कहा कि लालू जी और कांग्रेस ने हमेश पिछड़ों और अति पिछड़ों का अपमान किया। मोदी जी इतने साल मुख्यमंत्री रहे और अब दो टर्म से प्रधानमंत्री हैं, आज तक 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उनपर नहीं लगा है। शाह ने पूछा कि कश्मीर हमारा है या नहीं? धारा 370 हटनी चाहिए या नहीं? यह लालू और कांग्रेस 75 साल से धारा 370 लागू रहने दिया। मोदी ने इसे हटाया। यह वही लालू प्रसाद हैं जिन्होंने आडवाणी जी का रथ रोका था। रामलला को टेंट में रहने के लिए मजबूर किया। आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है, बिहार की जनता 40 के 40 सीट पर एनडीए को जीत दिलवाएगी और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद कांग्रेस की गोद में जाकर बैठक गए हैं। उन्होंने पिछड़ों की जमीन लूटने का काम किया। लालू प्रसाद ने सिर्फ पिछड़ा, अति-पिछड़ा और गरीबों की भूमि हथियाने का काम किया है। मैं लालू प्रसाद की पार्टी को चेताने आया हूं कि बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बन गई है, भूमि माफियाओं को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम हमारी सरकार करेगी। लालू जी अब आप पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को बरगला नहीं सकते हैं। अमित शाह ने दावा किया कि हमारी डबल इंजन की सरकार एक कमेटी गठन करेगी और जिन-जिन ने गरीबों की भूमि हथियाई है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल में डालने का काम करेगी। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी आप सभी से आशीष मांग रहे हैं भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए। वो लोग वोट मांग रहे हैं अपने बेटे को गद्दी पर बैठाने के लिए। दिवंगत कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का किया अनावरण : गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के जगदेव पथ स्थित आईसीएआर परिसर में दिवंगत कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद वह पालीगंज के लिए रवाना हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र प्रदेश : भाजपा, तेदेपा और जनसेना पार्टी के बीच बनी सहमति

नई दिल्ली। तेलुगु देशम पार्टी अध्यक्ष एन.चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और जनसेना पार्टी के बीच एक गठबंधन करने पर सहमति बन गई है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आंध्र प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है; भाजपा और तेदेपा का साथ आना देश एवं राज्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी प्रशंसा की। नायडू ने दावा किया कि लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में तेदेपा-भाजपा-जनसेना गठबंधन विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर देगा। उन्होंने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत के बाद तीनों दलों ने गठबंधन पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जन सेना मिलकर आंध्र प्रदेश में लगभग आठ लोकसभा और 30 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, तेदेपा शेष 17 लोकसभा सीट और 145 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गठबंधन की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा आंध्रप्रदेश की करीब छह लोकसभा सीट और इतनी ही संख्या में विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है।

### ईडी ने अवैध बालू खनन से जुड़े धनशोधन मामले में छापेमारी की

पटना। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित अवैध बालू खनन से जुड़े धन शोधन के मामले में शनिवार को पटना में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले के तहत सुभाष यादव नामक व्यक्ति के परिसरों की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी पटना और उसके आसपास करीब सात परिसरों की तलाशी ले रही है। उन्होंने बताया कि यादव के बिहार में बालू खनन में शामिल होने की जानकारी है और उन्होंने पहले राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा है। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा पूर्व में दर्ज कुछ प्राथमिकी से सामने आया था।

# विप चुनाव के लिए भाजपा ने की उम्मीदवारों की घोषणा

## मंगल पांडे, अनामिका सिंह और डॉ. लाल मोहन गुप्ता के नाम का ऐलान

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने बिहार एवं उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति प्रदान की। शनिवार को पार्टी की ओर से जारी सूची में उत्तर प्रदेश से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह शामिल है। उधर, बिहार में मंगल पांडे, अनामिका सिंह और डॉ. लाल मोहन गुप्ता को विधान परिषद का उम्मीदवार बनाया गया है। यहां विधान परिषद की खाली हो रही 11 सीटों में से 4 सीटें भाजपा के पास हैं। इधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन और दिग्गज संजय पासवान को इस बार विधान परिषद् नहीं भेजा जाएगा। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की पहचान भाजपा के दिग्गज नेता के रूप में है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश प्रभारी रह चुके हैं। वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल के प्रभारी हैं। वहीं राजपूत जाति से आने वालीं अनामिका सिंह की गिनती पार्टी की पुरानी नेत्री



में आती है। वह महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। इधर, लाल मोहन गुप्ता अति पिछड़े वर्ग के तांती जाति से आते हैं। राजनीतिक जीवन के शुरूआत से ही लाल मोहन गुप्ता भाजपा में हैं। साथ ही आएसएस के साथ भी उनके काफी बेहतर संबंध हैं। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में वोट बैंक को देखते हुए भाजपा ऐसा फैसला लिया है। बता दें कि विधान परिषद में 5 मई को 11 सीटें खाली हो जाएंगे इसके लिए चुनाव की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। चार मार्च से ही नामांकन प्रचार दाखिल करने की तिथि की शुरूआत हो चुकी है। लेकिन, पहले दिन किसी भी पार्टी के प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा नहीं भरा था। नामांकन की आखिरी तारीख 11 मार्च तक है। चुनाव के लिए मतदान की तारीख 21 मार्च तय की गई है। वहीं परिणाम 21 मार्च देर शाम तक घोषित कर दिए जाएंगे।

# भाजपा मंडल के साथ भी कमंडल के साथ भी : सम्राट

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को पालीगंज में ओबीसी सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा मंडल के साथ भी है तो कमंडल के साथ है। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे देश के गृह सह सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में सरकार द्वारा पिछड़े और अति पिछड़े समाज के सम्मान, गौरव और उनके कल्याण के कई काम किए गए हैं। उन्होंने कहा भाजपा हो या जनसंघ हो भाजपा ओबीसी की लड़ाई लड़ती रही है।

बिहार में जब कपूर्री ठाकुर जी को कैलाशपति मिश्र ने समर्थन देकर बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया और पहली बार पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि जब देश में मंडल कमीशन आया तब भी भाजपा के 84 सांसद साथ थे। भाजपा मंडल के साथ भी खड़ी है और कमंडल के साथ भी खड़ी है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में जो डबल इंजन की सरकार बनी है उसके बाद गरीबों, पिछड़ों को तंग करने वालों के लिए कानून बना है।

## सेना और रक्षा मंत्रालय ने चीन सीमा पर 10 हजार सैनिक बढ़ाने का फैसला लागू किया

# एलएसी पर 10 हजार और सैनिक तैनात, चीन ने कहा- इससे तनाव कम नहीं होगा

## पश्चिमी सीमा से लाई गई यह सैन्य टुकड़ी चीन सीमा के 532 किमी हिस्से की रक्षा करेगी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। यह जवान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन सीमा के 532 किमी. हिस्से की रक्षा करेंगे। चीन ने सीमा पर भारतीय सेना बढ़ाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे तनाव कम नहीं होगा। भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने निजी चर्चा के बाद सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया है। एक वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी ने कहा कि देश की पश्चिमी सीमा (पाकिस्तान) पर तैनात सैनिकों की 10 हजार मजबूत इकाई को अब चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए अलग रखा गया है। इसके अलावा विवादित चीनी सीमा के लिए पहले से ही नामित 9,000 सैनिकों की मौजूदा



टुकड़ी को नवनिर्मित लड़ाकू कमान के तहत लाया जाएगा। यह संयुक्त बल 532 किमी की सीमा की रक्षा करेगा, जो चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारत के उत्तरी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करती है। हालांकि, भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन एक ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर और अधिक सैनिकों को जोड़ने का भारत का कदम तनाव कम करने के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर हजारों सैनिकों को तैनात किया है, जिससे बीजिंग के साथ उसके पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और बढ़ने की संभावनाएं पैदा हो गई हैं। दूसरी तरफ, सीमा के इस हिस्से में सैनिकों की तोपखाने और हवाई समर्थन के साथ अभूतपूर्व तैनाती इस क्षेत्र के रणनीतिक महत्व और भारत की नजर में एलएसी की बढ़ती संवेदनशीलता को उजागर करती है।

भारत और चीन के बीच मई, 2020 से शुरू हुए सीमा गतिरोध के बाद भारत ने चीन के साथ अपनी सीमा पर गश्त करने के लिए अतिरिक्त 50 हजार सैनिकों को तैनात किया। इस बीच जून, 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ घातक सीमा संघर्ष में कम से कम 20 भारतीय सैनिक मारे गए थे, जिसके बाद दोनों पक्षों के संबंध गंभीर रूप से तनावपूर्ण हो गए थे। चीन और भारत ने तब से एलएसी के आसपास सैन्य-संबंधित बुनियादी ढांचे को उन्नत किया है। इतना ही नहीं, दोनों पक्षों की ओर से सीमा पर अधिक सैनिकों की तैनाती करने के अलावा मिसाइलों, तोपखाना रेजिमेंटों और विमानों को भी अपनी-अपनी सीमा के भीतर ले जाया गया है। भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने पिछले महीने एक व्यावसायिक कार्यक्रम में परमाणु हथियारबंद पड़ोसियों के बीच सीमा संघर्ष का जिक्र करते हुए संभावना जताई थी कि हमारे सामने कभी भी 2020 जैसी नौबत आ सकती है, इसलिए हमें हर समय सक्रिय रहना पड़ता है। उन्होंने भी माना कि गलवान घाटी की हिंसक घटनाओं के बाद भारत और चीन के बीच संबंध ज्यादा खराब हुए और तब से उनमें कोई खास सुधार नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच अब तक सैन्य और राजनयिक वार्ता के 21 दौर हो चुके हैं। संबंध सुधरते न देख सरकार ने भारत में चीनी निवेश और उद्यम को हतोत्साहित करने के लिए कानून भी पारित किया है।




## संक्षिप्त समाचार

### गल्ला विक्रेता संगठन की समस्याओं पर चर्चा

**श्रीनगर, एजेंसी।** कीर्तिनगर ब्लॉक के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संगठन ने बैठक कर संगठन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में डीलरों ने कोरोना काल का राशन ढुलान का भाड़ा न मिलने व ठेकेदार की ओर से राशन का ढुलान करवाने पर आक्रोश जताया। निर्णय लिया गया कि अब मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में संगठन के नव निर्वाचित अध्यक्ष बलवंत सिंह रावत, सचिव सुरेंद्र सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष सूरत सिंह, महामंत्री ठाकुर सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष उपदेश रावत, संरक्षक सोवन सिंह रावत तथा सदस्य जगत सिंह, जसपाल सिंह, टीटू चौहान, वीरेंद्र, विरेंद्र कुंवर व पप्पू पंवार का स्वागत किया। जबकि जिला मानदेय संघर्ष समिति के लिए रामस्वरूप नौटियाल व उत्तम सिंह पुंडीर को चयनित किया गया। बैठक में रघुवीर सिंह भंडारी, रमेश जोशी सहित सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता मौजूद थे।

### गुब्बारा में राजेश्वरी और नींबू प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जयदेव प्रसाद उमादत्त कुड़ियाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर चौदह बीघा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्य बीना जोशी, एसआई दीपिका तिवारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गुब्बारा में राजेश्वरी देवी प्रथम, ममता पंवार द्वितीय, रश्मि अमोली तृतीय रहे। नींबू प्रतियोगिता प्रियंका रतूड़ी प्रथम, गुड्डी देवी द्वितीय, राजेश्वरी देवी तृतीय रही। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रजनी रावत ने नारी शक्ति को अपराजिता कहकर संबोधित किया और बालिका शिक्षा को आज समाज के लिए अति आवश्यक बताया। उन्होंने हर बेटी, बहू, मां, बहन को सांस्कृतिक और पारंपरिक संस्कारों के साथ समाज में हर क्षेत्र में सम्मानित स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कंचन उनियाल, मदालसा रतूड़ी, मंजू बडोला, सुशीला रतूड़ी, कविता नेगी, कविता ध्यानी, लक्ष्मी जोशी, रेनू भट्ट, विनीता बिजल्वाण, अर्चना उनियाल, उषा घिल्डियाल, आशा असवाल, रंजना रावत, नमिता सेमवाल, सपना, सीमा आदि शामिल रहे।

### नाहीकला के लोग बोले, सड़क नहीं तो वोट नहीं

**ऋषिकेश, एजेंसी।** डोईवाला विधानसभा के पहाड़ी क्षेत्रों से सड़क नहीं तो वोट नहीं की आवाज और बुलंद होती जा रही है। अब नाहीकला के ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं को लेकर अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने इस संबंध में एक ज्ञापन प्रशासन को दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के बाद से लेकर अब तक नाहीकला में सड़क नहीं बन पाई है। जिससे उनकी और आसपास की पंचायतों से लगातार पलायन हो रहा है। प्रत्येक चुनाव में सड़क बनाने के वादे किए जाते हैं। लेकिन चुनाव के बाद उनकी समस्या पर कोई भी ध्यान नही देता है। नाहीकला के प्रधान देवेंद्र दत्त ने कहा कि ग्रामीण आजादी के बाद से लेकर अब तक सिंधवाल गांव पुल से नाहीकला तक छह किलोमीटर मार्ग और सतेली स्कूल से रैठवाण गांव तक आठ किलोमीटर मार्ग बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या पर ध्यान नही दिया गया है। ये दोनों मार्ग पहाड़ी इलाकों को काटकर पूरी तरह नए बनने हैं। प्रस्ताव भी पास किया जा चुका है।वहीं इस संबंध में एक ज्ञापन डोईवाला प्रशासन को दिया गया है। कहा कि यदि उनकी समस्या पर ध्यान नही दिया गया तो वो आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

# राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग करने वाले हिमाचल के 8 विधायक देर रात पहुंचे उत्तराखंड, कयासों ने फिर पकड़ा जोर



**ऋषिकेश, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के विधायकों सहित आठ विधायक उत्तराखंड में ऋषिकेश के निकट होटल ताज में पहुंचे हैं।

विधायकों से अभी तक प्रदेश के किसी भाजपा नेता ने मुलाकात नहीं की है। विधायकों के उत्तराखंड पहुंचने पर पुलिस व खुफिया विभाग सक्रिय हो गया है।

शुक्रवार को हिमाचल के आठ विधायक सायं पौने तीन बजे चार्टड प्लेन से देहरादून हवाई अड्डे पर उतरे, जहां से ये सभी सड़क मार्ग से ऋषिकेश से लगभग 30 किमी दूर बदरीनाथ राजमार्ग पर स्थित होटल ताज पहुंचे।

विधायकों के यहां पहुंचने की सूचना से पुलिस व प्रशासन भी चौकन्ना हो गया। फिलहाल शुक्रवार देर सायं तक होटल में प्रदेश के किसी नेता अथवा स्थानीय नेताओं ने हिमाचल के विधायकों से मुलाकात नहीं की थी।

पिछले दिनों राज्यसभा चुनाव में हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग कर दी थी। क्रास वोटिंग करने विधायकों में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा, कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो, गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा, लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर और बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल शामिल है।

बताया जा रहा है कि इनके साथ होटल में भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर व त्रिलोक जम्वाल भी ठहरे हुए हैं। क्रास वोटिंग के बाद भी दोनों दलों के उम्मीदवारों को 34-34 वोट मिले थे, जिसके बाद टास से विजेता प्रत्याशी का फैसला हुआ था।

हिमाचल प्रदेश में एक राज्यसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन ने कांग्रेस के दिग्गज नेता अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित किया। क्रास वोटिंग के बाद से ये सभी विधायक पंचकुला के एक होटल में ठहरे थे। हिमाचल में कांग्रेस विधायकों के क्रास वोटिंग के बाद प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधायक सुधीर शर्मा को एआइसीसी के सचिव पद से बर्खास्त भी कर दिया है। अब इन विधायकों के देवभूमि उत्तराखंड पहुंचने के बाद हिमाचल की राजनीति में क्या कुछ देखने को मिलता है, यह देखना रोचक होगा।

अयोग्य घोषित किए कांग्रेस के छह विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अब सभी की नजर सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद ही हिमाचल में राजनीतिक गतिविधि और तेज हो सकती है।

इस राजनीतिक घटनाक्रम से कांग्रेस को काफी नुकसान हुआ है। अब सभी विधायकों को एकजुट रखने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। दो विधायकों को कैबिनेट रैंक दिया गया तो बोर्ड-निगमों में भी नियुक्ति की तैयारी चल रही है।

### चुनावी बांड से मिले चंदे और दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने की मांग

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय स्टेट बैंक कुसुमखेड़ा के सामने सांकेतिक धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने चुनावी बांड के तहत मिले चंदे का ब्योरा देने और दानदाताओं की सूची सार्वजनिक करने की मांग की।

राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बृहस्पतिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता कुसुमखेड़ा एसबीआई के बाहर पहुंचे। यहां हुई सभा में विधायक सुमित हृदयेश और प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी छह मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## एसबीआई मुख्य शाखा के बाहर प्रदर्शन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बांड की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने के विरोध में रेलवे रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की।

बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह व जयेंद्र रमोला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि 6 मार्च तक सभी पार्टियों के चुनावी बांड की जानकारी साझा करे। लेकिन एसबीआई ने इस आदेश की अवहेलना की और न्यायालय की ओर से दी गई तिथि तक जानकारी देने में असमर्थता जताई है। यह भाजपा को लाभ पहुंचाने की सोची-समझी साजिश है।

सुधीर राय व मधु जोशी ने एसबीआई की मंशा पर संदेह जताया। कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को 12 हजार करोड़ से अधिक का चंदा कलेक्शन हुआ है। जिसमें अकेले भाजपा को 6566.11 करोड़ का चंदा मिला है। इसलिए भाजपा नहीं चाहती कि उसके धन कुबेरों के नाम सामने आएं। जिनको चंदे के बदले सरकार की ओर से लगातार लाभ पहुंचाया जाता रहा है। कहा, इससे स्पष्ट है कि एसबीआई मोदी सरकार के इशारों पर काम कर रही है। इस मौके पर विजयपाल रावत, मदन मोहन शर्मा, प्रदीप जैन, ललित मोहन मिश्र, मधु मिश्रा, विजयलक्ष्मी शर्मा, ऋषि सिंघल, भगवान सिंह पंवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 12 मार्च को सीएम धामी आएंगे बाजपुर, जनसभा को करेंगे संबोधित; किसानों ने किया महिला मार्च स्थगित

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में भूमि बचाओ आंदोलन जारी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के 12 मार्च को बाजपुर आने की सूचना पर भूमि आंदोलनकारी आस लगाए बैठे हैं।

बाजपुर क्षेत्र के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में भूमि बचाओ आंदोलन जारी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के 12 मार्च को बाजपुर आने की सूचना पर भूमि आंदोलनकारी आस लगाए बैठे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के आश्वासन पर 10 मार्च को होने वाले महिला मार्च को स्थगित कर दिया गया है।

शुक्रवार शाम अनशन स्थल पर हुई बैठक में भूमि आंदोलन को लेकर 10 मार्च को महिला मार्च कार्यक्रम की रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाकियू प्रदेशाध्यक्ष करम सिंह पड्डा ने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मोबाइल पर जानकारी दी कि 12 मार्च को मुख्यमंत्री धामी बाजपुर आने वाले है।

जिलाध्यक्ष सुखीजा ने 20 गांव के 5838 एकड़ भूमि के मामले के समाधान पर गंभीरता दिखाने के संकेत देते हुए महिला मार्च को स्थगित करने के लिए कहा है। इस पर आंदोलनकारियों ने आगामी तारीख तक महिला रैली को स्थगित कर दिया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि महिला रैली के साथ-साथ आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जानी थी लेकिन सीएम धामी के



बाजपुर आगमन की सूचना के चलते बाजपुर के 20 गांव के किसान, मजदूर, व्यापारियों में एक आशा की किरण जगी है।

उम्मीद है कि सीएम धामी बाजपुर के लोगों को उनके हक वापस करेंगे, जिसके चलते आगामी कार्यक्रम में स्थगित किए गए है। आंदोलन आयोजक राजनीति सिंह सोनू ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि बाजपुर आगमन पर सीएम धामी लोगों को निराश नहीं करेंगे।वहां सतनाम सिंह रंधावा, हरदेव सिंह, रणजीत सिंह शोकर, सन्नी निज्जर, मनजीत सिंह ,महेंद्र सिंह चौहान, सुखजीत सिंह, करमजीत सिंह, दिवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क जाम करने पर 60 से अधिक कांग्रेसियों और व्यापारियों पर मुकदमा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा में पुलिस ने सड़क जाम कर लोगों की परेशानी बढ़ाने वाले 60 से अधिक कांग्रेसियों, एक संगठन के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अल्मोड़ा नगर की सबसे व्यस्त सड़क माल रोड को लगातार दो दिन जाम करने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस ने सड़क जाम कर लोगों की परेशानी बढ़ाने वाले 60 से अधिक कांग्रेसियों, एक संगठन के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते दिनों जाखनदेवी में सीवर लाइन बिछाने के बाद बदहाल हुई माल रोड को लेकर जमकर सड़क जाम करने का सिलसिला शुरू हुआ। बुधवार धर्म निरपेक्ष युवा संगठन के साथ मिलकर व्यापारियों ने सड़क जाम की। तीन घंटे तक सड़क जाम होने से हजारों यात्री परेशान रहे। मौके पर पहुंचकर लोनिवि के अधिकारियों ने जल्द सड़क सुधारीकरण का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। दूसरे दिन इसी मामले के साथ ही धार की तूनी सड़क के सुधारीकरण की मांग पर विधायक मनोज तिवारी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर आवाजाही ठप होने से सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे। हरकत में आई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क जाम करने वाले एक संगठन, व्यापारियों के 20 से अधिक सदस्यों, 40 से अधिक कांग्रेसियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने कहा कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी और वीडियो अल्मोड़ा कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने कहा कि दो दिन सड़क जाम की गई। मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने इस पूरे मामले को अपने कैमरे में कैद किया है। सभी वीडियो और आसपास स्थापित सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। ऐसे में कई और चेहरे सामने आएंगे जिसने सड़क जाम कर आवाजाही रोकी। सभी शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। पुलिस के मुताबिक दोनों दिन माल रोड पर जबरदस्ती बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की आवाजाही रोकी गई। कोतवाल देउपा ने कहा कि पुलिसकर्मी आंदोलनकारियों को समझाते रहे, लेकिन लोग पुलिस पर ही गुस्सा हो गए। ऐसे में संबंधित लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### पीजी कॉलेज में छात्र गुटों के बीच तीखी झड़प, हंगामा

**खटीमा, एजेंसी।** एचएनबी पीजी कॉलेज बृहस्पतिवार को भी छात्रों की लड़ाई का अखाड़ा बना रहा। पुलिस की मौजूदगी में ही एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में तीखी झड़प हुई। हालांकि हाथापाई की नौबत आने से पहले पुलिस ने दोनों पक्षों को रोक लिया और किसी तरह मामला शांत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति की मांग को लेकर तीसरे दिन भी एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने धरना देकर कॉलेज में तालाबंदी की। उन्होंने कॉलेज प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इधर, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में एक सप्ताह के भीतर नियमित प्राचार्य की तैनाती की मांग की। उन्होंने कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाओं के चलते गेट का ताला खोलने को कहा। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कुछ देर के लिए गेट का ताला खोल दिया गया। इसी बीच अचानक एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने शुरू कर दिए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने भी पूर्व में कॉलेज में कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुमति मांगी थी।

## सामर्थ्य को बढ़ाकर शिव और शक्ति बनना होगा : बालकृष्ण

**हरिद्वार, एजेंसी।** पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'अभ्युदय वार्षिकोत्सव' के रूप में शुक्रवार से शुरू हुआ। यज्ञ अनुष्ठान के बाद कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विवि के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज का दिन शिव और शक्ति का है।

उन्होंने कहा कि सभी शिव और शक्ति के अंश हैं, किंतु हमें स्वयं शिव और शक्ति बनना होगा। उनकी कृपा, शक्ति व प्रेरणा से हम गतिमान हैं। हमें उस शक्ति, सामर्थ्य व ऊर्जा को बढ़ाना होगा, क्योंकि अभ्युदय का अर्थ भी यही है कि आप विद्या, शिक्षा, आज्ञापालन आदि प्रत्येक रूपों में सामर्थ्यशाली बनें। आचार्य बालकृष्ण ने शिक्षा के साथ-साथ क्रीड़ा क्षेत्र में सामर्थ्यशाली बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 25 से 30 वर्ष की आयु सीखने की है। इस आयु में आप अपनी प्रवृत्ति जैसी बनाएंगे, जिन कार्यों की ओर आप प्रवृत्त होंगे, वह जीवनभर आपके सहचर बनकर आपके साथ में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के कार्यक्रमों की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, तभी देश-विदेश के विद्वतजन इसकी प्रशंसा करते हैं।

भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि आज के सभी कार्यक्रमों में प्रतिभागियों का प्रदर्शन अभ्युदय के मूल में निश्रेयस की अभिव्यक्ति को प्रतिबिम्बित करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव भारतीय संस्कृति के संश्लेषण के प्राणतत्व हैं। पूरे विश्व में शिव जैसा कोई भी प्रतीक नहीं है जो सर्वांगीण कलाओं से युक्त है। सांख्यदर्शन का पुरुष और प्रकृति हमारे शिव और पार्वती में पूर्णतः अवस्थित हैं।

इस दौरान कविराज मनोहरलाल आर्य, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. विपिन दूबे, अंशुल शर्मा, पारूल शर्मा, राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, विवि के प्रति-कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. प्रवीण पुनिया, स्वामी आर्षदेव, डॉ. मयंक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

विवि के छात्र-छात्रओं ने कुलगीत के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डॉ. अलका गिरि तथा संगीत विभाग की टीम ने शिव स्तुति, नृत्य तथा गंगा समूह ने शिव वन्दना नृत्य प्रस्तुत कर सभागार को शिवरात्रि के रंग में रंग दिया। ध्यान योगी समूह द्वारा ध्यान योगी गायन प्रस्तुत किया गया। बीएएमएस समूह ने आर्टिस्टिक योग आत्मयोग और भक्ति योग प्रस्तुत किया। योग के छात्रों ने योगासनों की विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक महोत्सव में सरस्वती समूह, ज्ञान योगी समूह, कर्मयोगी समूह, एनसीसी समूह, गोदावरी समूह, बीए समूह, नर्मदा समूह, बीएनवायएस समूह, कृष्णा समूह तथा यमुना समूह आदि ने प्रस्तुति दी।

## नैनीताल में सड़क हादसा- कोसी नदी में गिरा ट्रैक्टर, चालक की मौत; नया वाहन खरीदकर लेकर जा रहा था धीरज



**नैनीताल, एजेंसी।** गरमपानी के खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे में शुक्रवार की रात ट्रैक्टर कोसी नदी में गिरने से चालक की मौत हो गई। शनिवार को हादसे की खबर मिलते ही राजस्व पुलिस की मदद सें युवक को सीएचसी गरमपानी ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गरमपानी के खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे में शुक्रवार की रात ट्रैक्टर कोसी नदी में गिरने से चालक की मौत हो गई। शनिवार को हादसे की खबर मिलते ही राजस्व पुलिस की मदद सें युवक को सीएचसी गरमपानी ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा गया। हल्द्वानी से द्वाराहाट की तरफ नया ट्रैक्टर खरीदकर लेकर जा रहा धीरज सिंह नेगी (34) निवासी इड़ा, बाराखाम द्वाराहाट भुजान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर कोसी नदी में गिर गया। हादसे में चालक सड़क में अचेत अवस्था में पड़ा रहा। शुक्रवार की रात साढ़े आठ बजे धीरज की अंतिम बात परिजनों से होने पर उसने कहा वह अभी खैरना में हैं। शनिवार की सुबह हादसे की खबर मिलते राजस्व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस धीरज को सीएचसी गरमपानी लेकर गई।

# उत्तराखंड में करीब एक लाख जल स्रोत सूखने के कगार पर, विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विशेषज्ञों ने अपने शोध आधारित विचार व्यक्त किए। बताया कि उत्तराखंड की सदानीरा नदियों में 65 फीसदी जल प्राकृतिक स्रोतों का है। लेकिन बारिश की अनियमितता व अनियंत्रित विकास निर्माण कार्य भूमिगत जल को प्रभावित कर रहे हैं।

अनियंत्रित विकास कार्यों का प्रभाव भूमिगत जल पर पड़ रहा है। पिछले 30 से 40 सालों में उत्तराखंड में करीब एक लाख प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए समुदाय पर आधारित जल स्रोत प्रबंधन केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता है। इन प्रबंधन केंद्रों पर स्थानीय पंचायतों की भूमिका भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

श्रीदेव सुमन विवि के भूगोल विभाग की ओर से आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञों ने अपने शोध आधारित विचार व्यक्त किए। एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि के भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर व श्रीदेव सुमन विवि के पूर्व कुलसचिव डॉ. मोहन पंवार ने कहा कि उत्तराखंड की सदानीरा नदियों में 65 फीसदी जल प्राकृतिक स्रोतों का है। लेकिन बारिश की अनियमितता व अनियंत्रित विकास निर्माण कार्य भूमिगत जल को प्रभावित कर रहे हैं।

सड़क व सुरंगों के निर्माण से जलभृत क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं या सूखने के कगार पर पहुंच रहे हैं। प्रो. पंवार ने बताया कि 30 से 40 सालों में उत्तराखंड के प्रत्येक गांव में एक से दो प्राकृतिक जल स्रोत सूखे हैं या सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं।

बताया कि 2017 की नीति आयोग की रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख है। प्रो. पंवार ने कहा किसी भी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। जल नीति निर्धारित कर प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण व इनको पुनर्जीवित करने की पहल की जानी चाहिए।

मिजोरम विवि आईजोल के भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर वीपी सती ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों के किनारे बसावट नहीं होनी चाहिए। मध्य हिमालयी क्षेत्र में बीते



जलाई 2021 से सितंबर 2023 तक 183 जल जनित आपदाएं आई हैं। जिसके कारण करीब करोड़ों का नुकसान भी हुआ है। वहीं कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। यदि पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों किनारे बसावट न हो तो यह नुकसान कम हो सकता है।

# हमारी माताओं-बहनों को और सशक्त बनाने वाला है दिल्ली का बजट-केजरीवाल

## अगर एक घर में कई महिलाएं हैं और वो पात्र हैं तो सभी को मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि के तहत एक-एक हजार मिलेंगे- केजरीवाल

- इनका बस चले तो ये भगवान राम के पास भी ईडी भेज कर कहें कि भाजपा में शामिल होते हो या जेल में डाल दें- केजरीवाल
- मोदी नहीं तो कौन ये इसलिए कहते हैं, क्योंकि जब ये सबको जेल में डाल देंगे तो इनके सामने बचेगा ही कौन?- केजरीवाल



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को दिल्ली के बजट पर चर्चा हुई। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बजट को बहुत शानदार बताते हुए कहा कि इसमें हर तबके और हर सेक्टर्स का ख्याल रखा गया है। इस बार का बजट हमारी माताओं-बहनों को और सशक्त बनाने वाला बजट है। बजट में 18 साल से ऊपर की हर महिला को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। अगर किसी घर में कई महिलाएं हैं और वो पात्र हैं तो सभी को योजना के तहत एक-एक हजार मिलेंगे। सीएम केजरीवाल ने कहा कि आज देश में दो तरह का गवर्नेंस मॉडल चल रहा है। इसमें एक आप का विकास मॉडल है और दूसरा भाजपा का विनाश मॉडल है। आप ने अपने विकास मॉडल के तहत सरकारी स्कूल-अस्पताल ठीक किए, मुफ्त और 24 घंटे बिजली कर दी और बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा रही है। वहीं, विनाश मॉडल के तहत ईडी-सीबीआई लगाकर विपक्ष को खत्म करने और अच्छा काम करने वाली विपक्ष की सरकारों के काम को रोका जा रहा है। दिल्ली में जो लोग दवाइयां, स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, बिजली की सब्सिडी रोक रहे, वो दिल्ली के दुश्मन हैं। दिल्लीवालों को मिलकर इन दुश्मनों को दिल्ली से बाहर निकालना पड़ेगा। बजट बहुत शानदार है, इसमें सभी तबके और हर सेक्टर्स का ख्याल रखा गया है- अरविंद केजरीवाल

वित्त मंत्री आतिशी द्वारा पेश बजट को लेकर के शनिवार को विधानसभा में चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया को याद करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार के यह दसवां बजट है। इससे पहले मनीष सिसोदिया विधानसभा में बजट पेश किया करते थे और मैं उम्मीद करता हूं कि अगले साल का बजट मनीष सिसोदिया ही सदन में पेश करेंगे। उनकी अनुपस्थिति में आतिशी ने बतौर वित्त मंत्री ने सदन में बजट रखा। उन्होंने वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट बहुत अच्छा है। बजट में अमीर-गरीब, युवा, बुजुर्ग और हर जाति-धर्म समेत समाज के सभी तबकों और सेक्टर्स का ख्याल रखा गया है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, नाली, ड्रेनेज सबका ख्याल रखा गया है।

आप ने अपने विकास मॉडल के तहत दिल्ली की जनता का दिल जीतने का काम किया- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2014-15 में देश के अंदर दो घटनाएं घटीं। मई 2014 में देश के लोगों ने केंद्र में भाजपा को 282 सीटें देकर भारी बहुमत दिया और मोदी जी प्रधानमंत्री बने। जबकि फरवरी 2015 में एक आधे राज्य दिल्ली के अंदर जनता ने 70 में से 67 सीट देकर भारी बहुमत देकर नई पार्टी, आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई। जब जनता भारी बहुमत से सरकार बनती है तो उसको उन सरकारों से काफी उम्मीदें होती हैं। इन दोनों सरकारों ने पिछले 10 सालों के अंदर देश के सामने दो किस्म के गवर्नेंस के मॉडल रखे हैं और यह दोनों गवर्नेंस के मॉडल ऐसे हैं, जो चुनाव जीतने की गारंटी देते हैं। भाजपा गवर्नेंस मॉडल भी चुनाव जीताता है और आम आदमी पार्टी का गवर्नेंस मॉडल भी चुनाव जीताता है। आम आदमी पार्टी के गवर्नेंस का मॉडल विकास मॉडल है और भाजपा के गवर्नेंस का मॉडल विनाश का मॉडल है। 2015 में जब आप को प्रचंड बहुमत मिला, तब हमारे पास कोई पावर नहीं थी। दिल्ली पुलिस और एलजी हमारे पास नहीं था। फिर भी हम धीरे-धीरे लड़-लड़कर, हाथ जोड़कर, पैर पकड़ कर सरकारी स्कूल और अस्पताल ठीक कर दिए। लोगों के बच्चों को भविष्य दिया, गरीब के बच्चों को डॉक्टर-इंजीनियर बनने का सपना दिया, उनके सपनों को साकार किया। किसी के घर में कोई बीमार हो जाए तो उसके लिए अच्छे से अच्छा इलाज करने का इंतजाम किया। बिजली 24 घंटे और मुक्त कर दी, पानी मुफ्त कर दिया, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवा रहे हैं। हमने दिल्ली की जनता का दिल जीतने का काम किया। यह आम आदमी के गवर्नेंस का विकास मॉडल है। इसके बाद हम 2020 में विधानसभा और फिर एमसीडी का चुनाव भारी बहुमत से जीत रहे है। इस बजट में जो घोषणा हुई है, उससे दिल्ली की जनता कह रही है कि दिल्ली की सातों लोकसभा की सीटें हमारे पास आएंगी। प्रधानमंत्री को बच्चों के साथ फोटो खिंचवाने के लिए गुजरात में एक स्कूल नहीं मिला, फिर टेंट का स्कूल बनाकर उन्होंने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई- केजरीवालकेजरीवाल ने कहा कि दूसरी तरफ 2014 में भाजपा को भारी बहुमत मिला था। भाजपा ने दूसरा गवर्नेंस का मॉडल रखा, जो विनाश का मॉडल है। उस विनाश के मॉडल के दो हिस्से हैं। एक हिस्सा है, जिसमें सामने की सारी विपक्षी पार्टियों को कुचल दो, खत्म कर दो, खरीद लो, तोड़ दो, गिरफ्तार कर लो, जेल भेज दो, ईडी-सीबीआई लगा दो। जब सामने कोई बचेगा ही नहीं तो चुनाव किसके बीच होगा। फिर तो यही लोग रहेंगे। इस दूसरे मॉडल के अंदर एक-एक करके सारे विपक्ष को खत्म करते जा रहे हैं। सरकारें गिरा देते हैं, विधायक तोड़ लेते हैं, धमकी देते हैं। इनके विनाश मॉडल का दूसरा हिस्सा है कि देश में कहीं भी विपक्ष की सरकार अच्छा काम कर रही है तो उनके काम को रोको। खुद अच्छा काम मत करो, लेकिन विपक्ष की सरकारों को अच्छा काम भी मत करने दो। अगर कोई दूसरी सरकार देश हित में काम कर रही है, तो उनको करने से रोको। ऐसा नहीं है कि देश की जनता ने इनको अच्छा काम करने का मौका नहीं दिया है। इनकी गुजरात में 30 साल से सरकार है। लेकिन इन्होंने एक सरकारी स्कूल ठीक नहीं किया।

# एक परिवार की कितनी महिलाओं को दिल्ली सरकार देगी हर महीने 1000 रुपये :केजरीवाल

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रचा इतिहास: संत्रा दयानंद वत्स

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने हाल ही में पेश बजट में राजधानी की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की। सरकार के इस फैसले का दिल्ली की महिलाओं ने खूब स्वागत किया। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने की बात कही गई है। वित्त मंत्री के मुताबिक, सितंबर-अक्टूबर में यह राशि महिलाओं के खाते में आनी शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को अधिसूचित किया जाएगा। इसके तहत करीब 45 लाख महिलाओं को लाभ मिल सकेगा। इसके लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में रखा गया है। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की पात्रतादिल्ली सरकार द्वारा घोषित इस योजना का लाभ आखिर किसे मिलेगा? वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा, जो यहां की स्थायी निवासी होंगी। वहीं उनकी उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए। वहीं वह किसी इनकम टैक्स के दायरे में न आती हों। वहीं वह किसी सरकारी योजना या पेंशन का हिस्सा न हो। इसके साथ ही उनके पास दिल्ली का वोटर कार्ड होना अनिवार्य हो।

सीएम केजरीवाल ने दूर किया कन्फ्यूजन वहीं एक चीज को लेकर भी दिल्लीवासियों में कन्फ्यूजन है कि क्या परिवार की एक महिला को यह राशि मिलेगी या एक परिवार की सभी महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा? इसको लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा में स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ हर परिवार की सभी पात्र महिलाओं को मिलेगा।

केजरीवाल ने उदाहरण से किया स्पष्ट उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि एक परिवार में मां, बहू और बेटी हैं और तीनों महिलाएं अगर पत्र हैं तो उन्हें 1000-1000 हजार रुपये दिए जाएंगे। इससे इस परिवार को साल में 36 हजार रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक परिवार तक यह योजना सीमित नहीं रहेगी बल्कि परिवार की सभी पात्र महिलाओं को योजना की राशि दी जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा: हॉस्टल में खाना खाने के बाद बिगड़ी 200 से अधिक छात्रों की तबीयत

- 200 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ी पुलिस का कहना है कि छात्रों की संख्या 200 से अधिक है।
- एसडीएम वेद प्रकाश पांडे कैलाश अस्पताल पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के आर्यन रेजीडेंसी और लॉयड के हॉस्टल में रह रहे 200 से अधिक छात्र फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इसके बाद पूरे हॉस्टल में हड़कंप मच गया। इस मामले का संज्ञान अब योगी सरकार ने भी ले लिया है। सरकार ने मामले की रिपोर्ट मांगी है।

तबीयत बिगड़ने के बाद छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद काफी छात्रों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। वहीं कुछ का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है, फूड विभाग को जानकारी दे दी गई है। 200 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ी पुलिस का कहना है कि छात्रों की संख्या 200 से अधिक है। दर्जनों छात्रों को उपचार के बाद छोड़ दिया गया है। फूड विभाग की टीम को सूचना दे दी गई है, उनकी टीम खाने की जांच के लिए पहुंच रही है।

**तीन अस्पतालों में भर्ती हैं छात्र**

बीमार छात्रों को कैलाश अस्पताल ग्रेटर नोएडा, वैक्सन अस्पताल नॉलेज पार्क व शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेस इंचार्ज हिरासत में

इतनी बड़ी घटना के बाद जांच कर रही पुलिस ने मेस के इंचार्ज को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**योगी सरकार ने लिया संज्ञान**

योगी सरकार के गृह विभाग ने मामले का संज्ञान लेकर पुलिस व जिला प्रशासन से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम वेद प्रकाश पांडे कैलाश अस्पताल पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

छात्रों ने बताया है कि शुक्रवार को उन लोगों ने महाशिवरात्रि पर व्रत रखा था। व्रत के लिए कुट्टू के आटे की पूरी, आलू और टमाटर की सब्जी व कुछ अन्य चीज बनाई गई थी, जिसे खाने के बाद वह बीमार हुए हैं। एपीजे कॉलेज के 12 छात्र अब तक उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल पहुंच चुके हैं।

# निगम पार्षद श्रीमती डिंपल आहूजा ने किया सी ब्लॉक एस एफ एस फ्लैट्स जनकपुरी का दौरा





**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

पश्चिमी दिल्ली जनकपुरी स्थित सी ब्लॉक एसएफएस फ्लैट्स पंखा रोड़ स्थित डीडीए फ्लैट्स (267- 301) में निगम पार्षद द्वारा आरडब्ल्यूए के साथ बैठक कर ब्लॉक की समस्याएं जैसे रोड, पार्क, स्ट्रीट लाइट, बाउंड्री वॉल आदि से अवगत हुई, उन्होंने आश्वासन दिया की जल्द ही समस्याओं से ब्लॉक को निजात दिलवाएंगी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि हमारे ब्लॉक में क्षेत्रीय नेताओं की अनदेखी के कारण हमारे ब्लॉक में स्थिति बद से बदतर है लाइट की खराब व्यवस्था के कारण चारों तरफ अंधेरा रहता है, पार्कों की हालत बहुत ही खराब है! हमें खुशी है कि निगम पार्षद द्वारा जल्द ही समस्या से निजात दिलवाने का आश्वासन दिया गया है।

आरडब्ल्यूए के संरक्षक सत्या नारायण पोद्दार ने बताया की ब्लॉक में काफी समस्याएं है सड़क काफी समय से मरम्मत नही हुई पार्क की दीवारें टूटी हुई है तथा बाउंड्री वॉल की हालत बहुत जर्जर है और आवारा जानवर भी ब्लॉक में घूमते रहते है। हम सभी खुश है कि निगम पार्षद जी हमारे ब्लॉक में आई तथा समस्याओ से निजात दिलवाने का वायदा दिया। बैठक में निगम पार्षद के अलावा दीपक आहूजा सीएम प्रतिनिधि जनकपुरी हॉस्पिटल, संजय पोद्दार, सत्या नारायण पोद्दार, प्रिया चंडोक महासचिव, दीपक सचदेवा, सुरेश मक्कड आदि शामिल हुए।

# विधानसभा में उठा इंद्रलोक का मामला, पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



नई दिल्ली। दिल्ली का इंद्रलोक मामला, शनिवार को दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी विधायक अब्दुल रहमान उठाया। उन्होंने कहा कि सब इंस्पेक्टर शंकर का यह व्यवहार निंदनीय है। इस कृत्य के लिए पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। आप विधायक अब्दुल रहमान ने आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। इसके बाद आप विधायक के समर्थन में आम आदमी पार्टटी के अन्य विधायक भी खड़े हुए और पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसपर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने मामले को शांत कराया। तब विधानसभा में स्थिति समान्य हुई और उसके बाद आम आदमी पार्टी विधायक अब्दुल रहमान ने अपने क्षेत्र के समस्याओं के बारे में अपनी बात रखी।

बता दें कि शुक्रवार को इंद्रलोक इलाके में नमाज पढ़ते हुए नमाजी के साथ पुलिसकर्मी की अभद्रता का मामला सामने आया था। रोड पर नमाज पढ़ रहे लोगों को पुलिसकर्मी द्वारा हटाने का वीडियो बहुत वायरल हुआ था। पुलिसकर्मियों की कार्रवाई से गुस्साए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को एकजुट होकर इंद्रलोक चौकी पर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद आरोपी सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया था। इस घटना पर उत्तरी दिल्ली के डीसीपी मनोज कुमार मीणा द्वारा वीडियो देखने के बाद पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

# साधु बनकर आए बदमाश, क्षेत्रीय आयुक्त की अंगूठी लेकर फरार



नई दिल्ली। द्वारका साउथ इलाके में छह मार्च को साधु बनकर आए दो बदमाश ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त के हाथ से सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बयान दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि द्वारका निवासी अपूर्व गौतम ईपीएफओ में क्षेत्रीय आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि छह मार्च की सुबह वह अपने ऑफिस जाने के लिए कार से निकले थे। द्वारका सेक्टर-2 के पास पहुंचे ही थे, तभी रेड लाइट हो गई। इस बीच एक साधु उनकी कार के पास आया और रुपये मांगने लगा। पीड़ित ने अपनी साइड का शीशा नीचे कर उसको 10 रुपये दे दिए। इस बीच एक और साधु आया और रुपये मांगने लगा। इस दौरान उसने पिटारे से सांप निकाल कर उनकी कार की खिड़की की तरफ रख दिया और आशीर्वाद देने के बहाने रुपये मांगने लगा। पीड़ित ने हाथ से पिटारे को दूर किया और उनको जाने को कहा। इसके बाद दोनों साधु रोड के दूसरी तरफ चले गए। उनके जाने के बाद पीड़ित ने हाथ देखा तो एक अंगूठी गायब थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर साधुओं की पहचान करने में जुटी हुई है।

# एलजी वीके सक्सेना ने कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में किया पुष्प महोत्सव का उद्घाटन



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कनॉट पैलेस स्थित सेंट्रल पार्क में शनिवार से दो दिवसीय पुष्प महोत्सव शुरू हो गई है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव की उपस्थिति में पुष्प महोत्सव का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने शहर की सुंदरता को सुधारने के लिए एनडीएमसी की तारीफ की। एलजी ने राजधानी को फूलों के शहर और आनंद के शहर में बदलने की दिशा में एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, एनडीएमसी ने ट्यूलिप फेस्टिवल, रोज फेस्टिवल, फ्लावर फेस्टिवल जैसे फूलों के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसमें न केवल दिल्ली बल्कि दिल्ली से सटे विभिन्न इलाकों के लोग इन कार्यक्रमों में भारी संख्या में आए। उपराज्यपाल ने राजधानी में पिछले साल एनडीएमसी द्वारा शुरू की गई ट्यूलिप पौधारोपण की प्रशंसा की और कहा कि इन प्रयासों से इस साल पूरी दिल्ली में 5 लाख ट्यूलिप खिल रहे हैं। एनडीएमसी ने हाइब्रिड ट्यूलिप की खेती के लिए एक ग्रीनहाउस स्थापित किया है। ताकि भविष्य में हम आत्मनिर्भर बनें। वहीं, एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि वसंत ऋतु समारोहों के तहत ट्यूलिप फेस्टिवल, रोज फेस्टिवल और पार्क में संगीत के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आई जनता से मिली सराहना के बाद एनडीएमसी इस साल इस फ्लावर फेस्टिवल का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने 9 और 10 मार्च को 35 से अधिक किस्मों के फूलों के साथ पुष्प महोत्सव का आयोजन किया है। एनडीएमसी अध्यक्ष ने पुष्प प्रदर्शनी की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस पुष्प महोत्सव को फूलों के प्रदर्शन और सजावट के लिए 18 अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया है। पुष्प महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क है। एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न वर्गों जैसे डहलिया, पेटुनिया, पैंसी, साल्विया, मैरी गोल्ड आदि के फूलों वाले गमले प्रदर्शित किए गए हैं। इसके साथ ही पुष्प महोत्सव में पशु, पक्षियों की पुष्प आकृतियाँ, रंगीन पुष्प बोर्ड, ट्रे गार्डन, इसके अलावा पार्क रंगबिरंगी लाइटें भी लगाई गई है। पार्क में नर्सरी की प्रदर्शनी भी लगाई है। अलग-अलग जगह से स्टॉल्स लगी है और उन पर पेड़ पौधे के बारे में जानकारियां दी जा रही है। यहां पर लोग हर्बल पौधों के विभिन्न स्टालों से बागवानी आदि की वस्तुएं भी खरीद सकते हैं।

# नामी कंपनी के उत्पाद की जगह भेजी जा रही थी शराब

नोएडा। राज्य जीएसटी की सचल दल इकाई ने चार मार्च को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) के सिरसा कट के पास वाहनों की जांच की। इस दौरान ट्रक में नामी कंपनी के उत्पाद की जगह शराब पकड़ी गई। बरामद शराब और बीयर को ट्रक सहित आबकारी विभाग को सौंप दिया गया। अपर आयुक्त ग्रेड टू विशेष अनुसंधान शाखा राज्य कर नोएडा विवेक आर्य ने बताया कि सूर्योदय से पहले ही ग्रेटर नोएडा में केजीपी एक्सप्रेसवे के सिरसा कट के पास वाहनों की जांच की गई। इस दौरान एक ट्रक चालक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार गाड़ी में एक नामी कंपनी के च्यवनप्राश और अन्य उत्पादों को जालंधर से कटनी भेजा जा रहा था। दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने पर वाहन को कार्यालय लाया गया। फोन पर पूछताछ करने पर भेजने और पाने वाले व्यापारियों ने माल के स्वामित्व और प्राप्ति से इनकार कर दिया। प्रबल संदेह होने पर वाहन का भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें नामी कंपनी के उत्पाद के स्थान पर शराब और बीयर पेटियां मिलीं।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना

सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 30-विद्युत/T-48/2023-24 (ओपन टेंडर) | | |
| कार्य का नाम | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रूपनगर, मलेरकोटला और अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन/सुधार के संबंध में शेष विद्युत कार्य। | | |
| लगभग लागत (₹) | ₹92,68,841.86 | बोली प्रतिभूति (₹) | ₹1,85,400/- |
| पूर्ण होने की अवधि | 03 महीने | | |
| बंद करने और खुलने की तिथि | 01.04.2024 | | |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5. जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

खुली निविदा सूचना सं. एनआईटी–30/2023–24
दिनांक 07.03.2024 727/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा उसका स्थान | दिल्ली डिवीजन में प्राथमिक रखरखाव वाली 10 शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों के सभी कोचों में सभी सीटों पर हेड रेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से, अध्याय: एन में उल्लिखित ट्रेनों के विवरण के अनुसार, 3 साल की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार हेतु। | |
| रेलवे ट्रेनों का विवरण | निविदा सूचना | स्टेशन |
| | PublicitySTBHeadRest01-24 | दिल्ली डिवीजन में सभी 10 शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें |
| निविदा खुलने की तिथि | 29.02.2024 को 15:00 बजे तक | |
| कार्य की अनुमानित लागत | निविदा सूचना के अनुसार | |
| निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित | निविदा सूचना के अनुसार | |
| धरोहर राशि | निविदा सूचना के अनुसार | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ | |

सं.: 7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/43/2023 Dated: 05.02.2024 395/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूसरा शुद्धिपत्र

टेंडर नं. 30-ELECT-54-T-2023-24-E3

कार्य का नाम::– i) एस एंड टी कॉन्फ्रेंस हॉल कमरा नंबर 207 और 208 एनेक्सी–। बड़ोदा हाउस, नई दिल्ली पर में विद्युत सम्बंधित कार्य। ii) बड़ौदा हाउस की वाणिज्यिक शाखा के कॉन्फ्रेंस हॉल, किचन, वॉश रूम के नवीनीकरण/उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य।

टेंडर नं.:- 30-ELECT-54-T-2023-24-E3

| | पहले प्रकाशित | | संशोधन |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | i) एस एंड टी कॉन्फ्रेंस हॉल कमरा नंबर 207 और 208 एनेक्सी-। बड़ोदा हाउस, नई दिल्ली पर में विद्युत सम्बंधित कार्य ii) बड़ौदा हाउस की वाणिज्यिक शाखा के कॉन्फ्रेंस हॉल, किचन, वॉश रूम के नवीनीकरण/उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य। | | प्रशासनिक कारणों से रद्द किया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | | रु. 33.09 लाख | |
| कार्यालय का पता | | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | | रु. 66200.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | | 11.03.2024, 12.00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | | 11.03.2024, 12.00 Hrs. | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधन किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तद्नुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। 743/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिल्ली के फतहनगर में एमसीडी का पहला आम आदमी सेवा केंद्र शुरू, अब लोगों को नहीं जाना पड़ेगा दूर

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



वेस्ट दिल्ली के फतेह नगर वार्ड में दिल्ली का पहला आम आदमी सेवा केंद्र खोला गया। इससे यहां के आसपास की कॉलोनी के लोगों को एमसीडी के विभिन्न कामों के लिए दूर दराज के दफ्तर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मौके पर आप पार्षद रमिन्द्र कौर के साथ-साथ पूर्व विधायक जगदीप सिंह और आप नेता महाबल मिश्रा भी शामिल रहे।

एमसीडी का आम आदमी सेवा केंद्र की शुरूआत हरी नगर विधानसभा के फतेह नगर वार्ड नंबर 100 में किया गया। एमसीडी सेवा केंद्र में एमसीडी से जुड़े सभी कामों को किया जाएगा ताकि आसपास की कॉलोनी के लोगों को कहीं और जाने की जरूरत ना पड़े। हालांकि इस सेवा केंद्र का उद्घाटन दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय को करना था, लेकिन वह नहीं आ पाई तो इसका उद्घाटन वेस्ट दिल्ली के लोकसभा प्रत्याशी महाबल मिश्रा और स्थानीय आप पार्षद रविंद्र कौर ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक जगदीप सिंह भी मौजूद थे।

आप पार्षद रमिन्द्र कौर ने कहा कि उनके वार्ड को परिसीमन के बाद दो हिस्सों में बांटा गया। जिससे जनकपुरी की तरफ वाले हिस्से से लोगों को दूसरी तरफ जहां उनका दफ्तर है वहां आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। साथ ही एमसीडी से जुड़े किसी भी काम के लिए राजौरी गार्डन जाना पड़ता था। ऐसे में एमसीडी चुनाव के वक्त लोगों ने इन परेशानियों के बारे में उनसे कहा था। तब रामिंदर कौर ने उनसे वादा किया था कि अगर वह जीत कर आई तो लोगों की यह सुविधा उनके घर के पास ही उपलब्ध कराएंगी। इस तरह एमसीडी की रणनीति के तहत लोगों के घरों के पास एमसीडी की सुविधा दी जाने की योजना बनी और इसकी शुरूआत फतेहनगर वार्ड से किया गया है। अब इस इलाके के लोगों की एमसीडी में चाहे प्रॉपर्टी टैक्स हो नाली साफ सफाई या अन्य समस्या हो उसका समाधान इसी केंद्र में किया जाएगा। हालांकि इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत में दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए इस पहले आम आदमी सेवा केंद्र का उद्घाटन उन्हें ही करना था, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा एक बैठक के लिए बुला लिए जाने की वजह से वह नहीं आ पायी। इस दौरान आप नेता महाबल मिश्रा ने कहा कि यह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, लोगों से जो भी वादा करते हैं तो उसे पूरा करते हैं। इन पूरे किए गए वादों से दिल्ली वालों को काफी सुविधाएं मिलती है। इस मौके पर आसपास की आरडब्ल्यूए के साथ-साथ काफी संख्या में आप कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# स्पेशल स्टाफ की टीम ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली जिले में स्पेशल स्टाफ की टीम ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रवि दत्त शर्मा (पुत्र परमाल शर्मा) के रूप में की गई है जो डेरा गांव का निवासी है। आरोपी के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त एक कार, 30 कार्टन (1500 क्वार्टर) शराब बरामद की गई है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को काम सौंपा गया था।

इसके लिए एसीपी ऑपरेशंस और स्पेशल स्टाफ प्रभारी धीरज महलावत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील इलाकों में पिकेट लगाकर गश्त की जा रही थी। टीम की मेहनत तब सफल हुई, जब एक गुप्त सूचना मिली कि शराब की बड़ी खेप लेकर एक कार चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के पास आने वाली है। इस जानकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया गया, जिसके बाद जानकारी को और विकसित किया गया और स्थानीय जांच टीम को लगाया गया। टीम से मिले इनपुट के अनुसार, गैस गोदाम चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के पास जाल बिछाया गया। इसके बाद गुरुवार देर रात एक संदिग्ध हालत में कार को आता देख पुलिसकर्मियों ने उसे रुकने का इशारा किया। कार चालक ने पुलिस की मौजूदगी को भांपकर कार की गति तेज कर दी, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने कार चालक को धर दबोचा। कार की जांच करने पर भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 10 मार्च, 2024

# दिल्ली के काम लड़कर करवा रहा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- मोहल्ला क्लानिक रोकने वाले, अस्पताल में दवाई बंद कराने वाले, बिजली सब्सिडी रोकने की कोशिश करने वालों को दिल्ली से बाहर निकालना होगा।
- मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि यह बजट बहुत अच्छा है, मैं उन्हें बधाई देता हूं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को विधानसभा में बजट को लेकर हुई चर्चा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के काम लगातार रोके जा रहे हैं। मैं लड़कर विकास कार्य पूरे करवा रहा हूं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमने नौ साल में 530 मोहल्ला क्लीनिक बनवाए, जबकि पंजाब के अंदर दो साल में ही 830 बनवा दिए। इसका कारण है कि दिल्ली में हर योजना रोकने की कोशिश होती है। फाइल दो-दो साल रोककर बैठे रहते हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए हमें राजनिवास पर धरना देना पड़ा था। फिर भी मुझे खुशी है कि हमने लड़कर दिल्लीवालों का काम करवा लिया। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लानिक रोकने वाले, अस्पताल में दवाई बंद कराने वाले, बिजली सब्सिडी रोकने की कोशिश करने वालों को दिल्ली से बाहर निकालना होगा। उधर, सदन में चर्चा के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्ताव पास हो गया।

अगला बजट सिसोदिया पेश करेंगे : केजरीवाल ने कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान मुझे छोटे भाई मनीष सिसोदिया की याद आ रही है। मुझे उम्मीद है कि अगले साल का बजट मनीष सिसोदिया पेश करेंगे। आतिशी ने सिसोदिया की जगह बतौर वित्त मंत्री दिल्ली का बजट रखा है। मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि यह बजट बहुत अच्छा है, मैं उन्हें बधाई देता हूं।

जितने समन आएंगे, उतने स्कूल बनवाऊंगा : केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की कोशिश हो रही है। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र सिंह को जेल में डाल दिया गया। अब मुझे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि ईडी के आठ समन आ चुके हैं। मैं इनको कहना चाहता हूं कि तुम जितने समन भेजोगे, मैं उतने स्कूल बनवाऊंगा। सदन के अंदर घोषणा कर रहा हूं कि आठ समन आए हैं तो आठ नए स्कूल बनेंगे।

महिलाओं को मिलेंगे एक हजार रुपये : केजरीवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि बजट में महिलाओं को एक हजार रुपये देने का फैसला लिया गया। लोगों के मन में एक सवाल है कि क्या परिवार में एक से अधिक महिलाएं हैं तो उन्हें भी मिलेंगे या नहीं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि परिवार में जितनी भी महिलाएं इसके लिए पात्र होंगी, सभी को योजना का लाभ मिलेगा।

# पहली बार विपक्ष को बजट पर बोलने से रोका : बिधूड़ी




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को कहा कि सदन के इतिहास में पहली बार बजट पर विपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नेता प्रतिपक्ष के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। उन्होंने बजट को दिशाहीन बताया। बिधूड़ी ने कहा कि उन्होंने जब बोलने के लिए अनुरोध किया तो अवसर नहीं दिया गया। यही नहीं, उनका माइक भी बंद कर दिया गया। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 17 दिन बाद विधायक सदन में लौटे, लेकिन उनके साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया जो कि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि 1993 में दिल्ली में विधानसभा का गठन हुआ था। तब से अब तक ऐसा दिशाहीन और विकासरहित बजट नहीं बना। दिल्ली सरकार को यह पता है कि जब विपक्ष बजट पर बोलेगा तो फिर उसकी पोल खुल जाएगी। इसलिए विपक्ष को बजट पर राय रखने की अनुमति नहीं दी गई। विपक्ष का वाकआउट : चर्चा के दौरान विपक्ष में बैठे भाजपा विधायक सदन से वाकआउट कर गए। उनका आरोप है कि विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया। दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट को बोलने के लिए कहा, जबकि भाजपा की तरफ से विजेंद्र गुप्ता तैयारी करके आए थे। हालांकि, अध्यक्ष ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया। अध्यक्ष का कहना था कि बिष्ट ने लिखित में मौका मांगा था। इसे लेकर विपक्ष की अध्यक्ष के साथ तीखी बहस भी हुई।

# सरकार ने बिजली सब्सिडी को 2024-25 तक बढ़ाने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी मांगी

- वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल सरकार का कुल 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने बिजली सब्सिडी योजना को 2024-25 में जारी रखने के मंत्रिमंडल के फैसले की फाइल उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी के लिए भेजी है। सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को यह बात कही। दिल्ली मंत्रिमंडल ने पिछले बृहस्पतिवार को हर महीने 200 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त आपूर्ति और 201-400 यूनिट प्रति माह खपत वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजना को मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हालांकि शनिवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें जेल भेजना चाहती है और मुफ्त बिजली योजना तथा मोहल्ला क्लीनिक जैसे उनकी सरकार के अच्छे कामों को बंद करना चाहती है। वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल सरकार का कुल 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले करीब 22 लाख परिवारों का बिजली का बिल शून्य आता है।

# तुम जितने समन भेजोगे, हम उतने स्कूल बनाएंगे, केजरीवाल ने विधानसभा में दी चुनौती

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। इसमें निलंबन वापस होने के बाद बीजेपी के सभी सातों विधायक पहुंचे। हालांकि बाद में वे वॉकआउट कर गए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस दौरान सदन को संबोधित किया और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। केजरीवाल के संबोधन के बाद ही सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। अब 15 मार्च को सदन की कार्यवाही होगी। उस दिन मुख्य सचिव को सदन में तलब किया गया है। जल बोर्ड की समस्याओं पर मुख्य सचिव को जवाब देने के लिए बुलाया गया है। सीएम केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा- तुम जीतने समन भेजोगे, मैं उतने स्कूल बनाऊंगा। तुम अपना धर्म निभाओ, मैं अपना धर्म निभाऊगा। आज विधान सभा में मैंने एलान किया कि अभी तक मुझे एऊके आठ समन आये हैं। दिल्ली में आठ और नये स्कूल बनाये जाएंगे। पूरा सदन सिसोदिया को याद कर रहाः केजरीवाल उन्होंने कहा कि आज बजट पर चर्चा कर रहे हैं तो मनीष सिसोदिया की याद आ रही है। आज पूरा हाउस उन्हें याद कर रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगला बजट सिसोदिया ही सदन में रखेंगे। उन्होंने कहा कि आतिशी ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। उसके लिए वह बधाई की पात्र हैं। भाजपा वाले सरकारें गिरा रहे हैंः केजरीवाल उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार दी और 2015 में दिल्ली में हमारी पार्टी को पूर्व बहुमत की सरकार दी। मगर केंद्र की भाजपा सरकार ने विनाश का मॉडल दिया है और हमने विकास का मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि हम विकास का काम करते हैं, ये भाजपा वाले सरकारें गिरा रहे हैं। जीत नहीं पा रहे हैं तो सरकारों को गिरा रहे हैं। बीजेपी वाले जनतंत्र समाप्त कर रहेः केजरीवाल

उन्होंने कहा कि ये जनतंत्र समाप्त कर रहे हैं। आज अगर भगवान राम होते तो ये उनके यहां भी ईडी भेज देते। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को जेल में डाल दिया है और मुझे भी ये जेल में डाल देंगे। मुझे जेल में डालने के बाद ये सबसे पहले बिजली फ्री समाप्त कर देंगे। मुझे इतने नोटिस भेज रहे हैं कि जैसे मैं कोई आतंकवादी हूं। आठ सम्मन मुझे भेजे हैं और 9वां आ रहा है। ये जितने नोटिस भेजेंगे तो हम उतने स्कूल बनाएंगे। बीजेपी वाले हमारे काम रोक रहेः केजरीवाल

उन्होंने कहा कि हम बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चल रहे हैं, हम शिक्षा के उनके संकल्प को पूरा कर रहे हैं। भाजपा वाले हमारे काम रोक रहे हैं, मगर हमने काम कोई भी रुकने नहीं दिया है। इन्होंने मोहल्ला क्लीनिक को बुलडोजर बुला कर तुड़वा दिए, फिर भी हमने 530 मोहल्ला क्लीनिक बनवाए।

## संक्षिप्त खबरें

### साधु बनकर आए बदमाश, क्षेत्रीय आयुक्त की अंगूठी लेकर फरार

नई दिल्ली। द्वारका साउथ इलाके में छह मार्च को साधु बनकर आए दो बदमाश ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त के हाथ से सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बयान दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि द्वारका निवासी अपूर्व गौतम ईपीएफओ में क्षेत्रीय आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि छह मार्च की सुबह वह अपने ऑफिस जाने के लिए कार से निकले थे। द्वारका सेक्टर-2 के पास पहुंचे ही थे, तभी रेड लाइट हो गई। इस बीच एक साधु उनकी कार के पास आया और रुपये मांगने लगा। पीड़ित ने अपनी साइड का शीशा नीचे कर उसको 10 रुपये दे दिए। इस बीच एक और साधु आया और रुपये मांगने लगा। इस दौरान उसने पिटारे से सांप निकाल कर उनकी कार की खिड़की की तरफ रख दिया और आशीर्वाद देने के बहाने रुपये मांगने लगा। पीड़ित ने हाथ से पिटारे को दूर किया और उनको जाने को कहा। इसके बाद दोनों साधु रोड के दूसरी तरफ चले गए। उनके जाने के बाद पीड़ित ने हाथ देखा तो एक अंगूठी गायब थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर साधुओं की पहचान करने में जुटी हुई है।

### पत्नी की हत्या में फरार आरोपी को उत्तर प्रदेश से दबोचा

नई दिल्ली। पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने शुक्रवार को पत्नी की हत्या करने के बाद फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के एटा स्थित भडवास गांव के संजय उर्फ संजू के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मामला लाजपत नगर थाने में दर्ज है। आरोपी साल 2021 में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद से ही फरार चल रहा था। अप्रैल 2022 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी एटा स्थित अपने मूल निवास पर आने वाला है। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### घर बैठे कमाई का झांसा देकर युवक से ढाई लाख ऐंठे

नोएडा, 09 मार्च (वेब वार्ता)। साइबर अपराधियों ने सेक्टर-126 रायपुर खादर निवासी युवक को घर बैठे कमाई का झांसा देकर दो लाख 62 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ठगी की गई। युवक ने सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। हर्षित मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो उनको टेलीग्राम के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से 100 लोग जुड़े थे। इसके बाद आरोपियों ने उनको ऑनलाइन पेज की रेटिंग और रिव्यू का टास्क दिया, जिसको उन्होंने पूरा किया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। जालसाजों ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा और उनका एक अकाउंट

# इंद्रलोक में नमाज से जुड़ी घटना के बाद पुलिस, अर्द्धसैन्य बल के जवान तैनात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- यह घटना इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के समीप दोपहर करीब दो बजे शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई।

इंद्रलोक में नमाज पढ़ रहे लोगों को धक्का देने तथा लात मारने की घटना के लिए दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैन्य बलों की कम से कम तीन टुकड़ियों के साथ ही स्थानीय पुलिस शनिवार को उत्तरी दिल्ली में इंद्रलोक और उसके आसपास के इलाकों में तैनात रहेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके में शांति कायम करने के लिए एक शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें भी कीं। संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) परमादित्य ने शनिवार को बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इलाके में शांति है।

परमादित्य ने बताया, हमारे अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और इलाके में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं।

उपनिरीक्षक मनोज कुमार तोमर ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली में एक सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर धक्का दिया और लात मारी जिसके बाद सैकड़ों स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोपी पुलिसकर्मी को तुरंत निलंबित कर दिया गया।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद नेताओं समेत समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने इस कृत्य की निंदा की।

तोमर इंद्रलोक पुलिस चौकी के प्रभारी थे जो सराय रोहिल्ला पुलिस थाने के तहत आती है। उन्हें दो महीने पहले ही पुलिस चौकी में तैनात किया गया था।

यह घटना इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के समीप दोपहर करीब दो बजे शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई। कथित वीडियो में तोमर मस्जिद के नजदीक सड़क पर नमाज अदा कर रहे लोगों को तितर-बितर करने की कोशिश करते और अचानक आक्रोशित होकर कुछ नमाजियों को धक्का देते व लात मारते दिखायी दे रहे हैं।

घटना के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सड़क अवरुद्ध कर दी थी। यह घटना रमजान शुरू होने से कुछ दिन पहले हुई है।

# भाजपा विपक्षी दलों की सरकार गिराकर विनाश का मॉडल अपना रही है : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार विकास के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्षी दलों को खत्म कर तथा उनकी सरकारों को गिराकर विनाश का मॉडल अपना रही है। हाल ही में आप सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा।

केजरीवाल ने कहा कि बजट में घोषित मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत परिवार की प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये दिये जाएंगे। केजरीवाल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी याद किया, जो वर्तमान में आबकारी नीति से संबंधित मामले में जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगले साल वह (सिसोदिया) विधानसभा में बजट पेश करेंगे। केजरीवाल ने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखने वाला शानदार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री आतिशी की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी मई 2014 में भारी जनादेश के साथ केंद्र में सत्ता में आई थी लेकिन उसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को निशाना बनाकर विनाश का मॉडल अपनाया। केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली सरकार को गिराने के लिए उनकी पार्टी के विधायकों को तोड़ने और उनकी सरकार द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा, आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है और उन्हें जेल भेजने की योजना बनाई जा रही है।

### घर बैठे कमाई का झांसा देकर युवक से ढाई लाख ऐंठे

नोएडा। साइबर अपराधियों ने सेक्टर-126 रायपुर खादर निवासी युवक को घर बैठे कमाई का झांसा देकर दो लाख 62 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ठगी की गई। युवक ने सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। हर्षित मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो उनको टेलीग्राम के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से 100 लोग जुड़े थे। इसके बाद आरोपियों ने उनको ऑनलाइन पेज की रेटिंग और रिव्यू का टास्क दिया, जिसको उन्होंने पूरा किया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। जालसाजों ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा और उनका एक अकाउंट बना दिया। इसके जरिए उन्होंने कई कंपनियों के शेयर में निवेश किया।

# महाशिवरात्रि पर कहर बना कुट्टू का आटा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



व्रत में खाए जाने वाला कुट्टू का आटा किस तरह से मिलावट का शिकार हो रहा है इसकी बानगी हर बड़े व्रत के बाद बीमार होने वाले लोगों की संख्या से ही लगाया जा सकता है।

यह समस्या हमेशा की है लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के चलते हर बड़े व्रत में बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इस बार महाशिवरात्रि के व्रत में भी कुछ ऐसा ही हुआ। हर साल की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के व्रत के बाद पूरे दिल्ली-एनसीआर में लगभग 500 लोग बीमार पड़ गए हैं।

इन बीमारों में सबसे बड़ी संख्या ग्रेटर नोएडा के दो हॉस्टल के छात्रों की है, जहां 200 से भी ज्यादा छात्रों की कुट्टू के आटे से बने सामान खाने से तबीयत बिगड़ गई।

बाहरी दिल्ली में 100 से ज्यादा बीमार बाहरी दिल्ली के रानीबाग क्षेत्र में कुट्टू का आटा खाने से 100 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। अबतक भगवान महावीर अस्पताल में करीब 140 लोग पहुंचे हैं। सभी को उल्टी, दस्त की शिकायत है। इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। नोएडा में महाशिवरात्रि पर मिलावटी कुट्टू का आटा खाने से बच्चों सहित 20 बीमार

नोएडा सेक्टर-49 स्थित बरौला औक सेक्टर-45 स्थित सदरपुर गांव में महाशिवरात्रि के व्रत के दौरान कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूड़ी खाने से बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई।

उल्टी-दस्त व शरीर में कंपन होने पर बीमार हुए लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकांश की हालत गंभीर होने पर अस्पतालों में भर्ती किया गया है। डाक्टरों ने फूड पाइजनिंग होने की बात कही है। गुरुग्राम में तीन परिवार के 10 लोग बीमार गुरुग्राम सेक्टर-14 थाना क्षेत्र के राजीव नगर गली नंबर तीन में रहने वाले तीन परिवार के 10 लोग महाशिवरात्रि पर कुट्टू के आटे की पकौड़ी खाकर बीमार हो गए। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।

सभी को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। यहां एक युवक की स्थिति गंभीर है। सेक्टर 14 थाने में शिकायत के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विभाग ने जनरल स्टोर से सैंपल भी लिए हैं।

# अपमान का बदला लेने और पत्नी को दुखी देखने के लिए बाप ने कराई थी बेटे की हत्या

- देवली एक्सटेंशन में बुधवार रात को गौरव सिंघल की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पुलिस ने देवली एक्सटेंशन गांव में जिम ट्रेनर गौरव सिंघल की हत्या के आरोप में उसके पिता रंगलाल सिंघल को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है।

आरोपी पिता ने डेढ़ लाख की सुपारी देकर बदमाशों से अपनी आंखों के सामने बेटे की हत्या कराई थी। उसने अपने अपमान और अपनी पत्नी को दुखी देखने के लिए वारदात को अंजाम दिया। एक महीने पहले गौरव ने रंगलाल के साथ गाली-गलौज की थी। दक्षिण जिला के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपित की पहचान देवली एक्सटेंशन निवासी रंगलाल सिंघल के रूप में हुई है। पत्नी और दो बेटों से अलग रहता था रंगलाल रंगलाल अपनी पत्नी व दो बेटों से अलग रहता था। उनके बीच पिछले 15 साल से झगड़ा चल रहा था। आरोपित ने बताया कि वह अपने बेटे गौरव सिंघल से काफी परेशान था। गौरव आए दिन उसके साथ गाली-गलौज व बदसलूकी करता था। बेटा अक्सर मुझसे मारपीट करता था

वह मारपीट पर भी उतारू हो जाता था। उसकी पत्नी भी बेटे का साथ देती थी और कभी भी ठीक से बात नहीं करती थी। देवली एक्सटेंशन में बुधवार रात को गौरव सिंघल की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। बृहस्पतिवार को गौरव की शादी थी। पुलिस को ऐसे मिली आरोपी की लोकेशन

रंगलाल ने वारदात के बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया था। जब वह जयपुर पहुंच गया तो आरोपित ने अपना मोबाइल ऑन कर पड़ोसी को कॉल की। उसने अपने बेटे की मौत के बारे में पूछा। तब ही पुलिस को उसके मोबाइल की लोकेशन मिल गई। राजस्थान में बसने की कर ली थी तैयारी आरोपित रंगलाल वारदात करने के बाद टैक्सी बुक कर जयपुर पहुंच गया था। वह पुलिस से बचने के लिए राजस्थान के अजमेर में बसना चाहता था। इसलिए आरोपित अपने घर से 50 लाख रुपये के जेवर और 15 लाख रुपये लेकर घर से फरार हुआ था।

पुलिस ने आरोपी से जेवर, रुपये, कैंची व एक रॉड बरामद की है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपित रंगलाल सिंघल ने तीन बदमाशों को डेढ़ लाख रुपये की सुपारी देकर बुलाया था। बदमाशों को 75 हजार रुपये एडवांस दे दिए गए थे। सभी बदमाश दिल्ली इलाके के रहने वाले हैं और इनको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जांच में लगी है।

चार महीनों से कर रहा था पूरी प्लानिंग आरोपित पिछले चार माह से अपने बेटे की हत्या की तैयारी कर रहा था, लेकिन उसको मौका नहीं मिल पा रहा था। बुधवार को उसने बेटे की हत्या इसलिए कराई, चूंकि सभी शादी की खुशी में व्यस्त थे और बेटे को दूसरे घर में बुलाकर हत्या करा दी। इससे उसकी चीख बैंड के शोर में दब गई।

पिता-पुत्र में सुलह कराने के लिए कुछ दिन पहले मोहल्ले में पंचायत हुई थी। पिता-पुत्र के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया था। बताया गया कि पंचायत में भी बेटे गौरव ने अपने पिता की बेइज्जती करते हुए एक होने से मना कर दिया था।

ताकि लड़की का जीवन न हो बर्बाद रंगलाल ने शादी से एक दिन पहले अपने बेटे गौरव सिंघल की हत्या इसलिए कराई, ताकि उससे शादी करने वाली लड़की का जीवन बर्बाद न हो।

# दयालपुर थाना पुलिस ने शातिर स्नैचर को किया गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल फोन बरामद



नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाने की पुलिस ने शनिवार को एक सक्रिय लुटेरे को गिरफ्तार किया है, जो मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपी घर के बाहर गली में गेम खेलने के दौरान छात्र से मोबाइल छीन कर फरार हो गया था। इस कुख्यात स्नैचर को पुलिस ने ब्रिज पुरी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने छीना गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान ब्रिज पुरी निवासी शहजाद के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि 3 मार्च को एक शिकायत मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता छात्र ने बताया था कि वह अपने घर के बाहर गली में बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहा था, तभी दो स्कूटी सवार बदमाश वहां पहुंचे और उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, मुखबिर से जानकारी इकट्ठा की। इसके बाद आरोपी शहजाद की पहचान कर उसे ब्रिज पुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से छीना गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हो गई है। जांच के दौरान बरामद स्कूटी गोकलपुरी से चोरी की निकली, आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह अपने एक साथी के साथ मिलकर इलाके में लूटपाट, स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देता है। उसके खिलाफ 9 आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। फिलहाल, पुलिस अब आरोपी के साथी की तलाश में जुटी है।

# क्राइम ब्रांच ने ठगी के चार करोड़ रुपये फ्रीज कराए

- केस दर्ज होने के बाद पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई।

नोएडा। सेक्टर-22 स्थित साउथ इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक ने 28.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। क्राइम ब्रांच ने ठगी की चार करोड़ की रकम फ्रीज करा दी है। ठगी की शेष रकम को भी फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच अब जनपद की क्राइम ब्रांच कर रही है। पहले जांच सेक्टर-24 पुलिस मामले की जांच कर रही थी। शिकायत में साउथ इंडियन बैंक के डीजीएम रिजनल रैनजीत आर नायक ने पुलिस को बताया था कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सेक्टर-22 स्थित शाखा से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थीं। इस पर विभाग ने अपनी विजिलेंस टीम से जांच कराई। जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से सहायक बैंक प्रबंधक राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ रुपये पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में ट्रांसफर कर कंपनी और बैंक के साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में सेक्टर-24 थाने में दो माह पहले केस दर्ज कराया गया।

इस मामले में एसोसिएट इलेक्ट्रानिक्स रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तीन, चार और छह दिसंबर को ई-मेल से शिकायत दर्ज कराते हुए खाते से रुपये बिना अनुमति और जानकारी के ट्रांसफर करने के आरोप लगाए थे। मूलरूप से हरियाणा के रोहतक में रहने वाला राहुल शर्मा वर्तमान में सेक्टर-27 में परिवार के साथ रहता है। केस दर्ज होने के बाद से वह परिवार समेत फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई। साजिश के तहत धोखाधड़ी के लिए सहायक प्रबंधक ने अपनी मां और पत्नी समेत अन्य लोगों का संबंधित बैंक में खाता खुलवाया। खाते को सत्यापित करने के बाद आरोपी ने इन्हीं खातों में निजी कंपनी के करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर लिए। 20 से अधिक बार में रकम ट्रांसफर की गई। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने ठगी की चार करोड़ की रकम फ्रीज होने की पुष्टि की है। मामले की जांच जारी है।

# घर में घुसकर सास-बहू से बोला-मुझसे शारीरिक संबंध बनाओ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता व उसकी पुत्रवधू से अभद्रता शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने सास-बहू पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया।

हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर में घुसकर एक आरोपी ने सास और उसकी बहू पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। दोनों के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोचकर उसकी धुनाई कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की महिला ने बताया कि 8 मार्च को वह अपनी पुत्रवधू के साथ घर पर मौजूद थी। दोपहर के समय घर में घुसा और करने लगा अभद्रता दोपहर करीब दो बजे जिला गाजियाबाद के मोदीनगर का अमित कुमार उसके घर में घुस आया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता व उसकी पुत्रवधू से अभद्रता शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने सास-बहू पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। इस पर मदद के लिए पीड़िता ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने आरोपी को दबोच लिया। लोगों ने जमकर की धुनाई मामले की जानकारी पर लोगों ने आरोपी की जमकर धुनाई की। जिसमें वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अभिरक्षा में लेकर कोतवाली ले गई। बाद में पीड़िता स्वजन के साथ कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादकीय

# 370 के बाद कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के साढ़े चार साल बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार कश्मीर घाटी में गए, तो फिजाएं बदली हुई थीं। प्रधानमंत्री जम्मू और लद्दाख क्षेत्रों में जाते रहे हैं, लेकिन घाटी में पहुंचना उनके लिए भी चुनौती थी। बहरहाल अब जन्नत का नैसर्गिक रूप खिल रहा है। कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब हम हिंदुस्तानी हैं, भारत माता की जय के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं शून्य हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी गैर कश्मीरी को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है।

अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुईं, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है। चूंकि लोगों की आवाजाही खुली और बढ़ी है, तो डल झील का नूरानी सौंदर्य भी लौट आया है। कश्मीरी पश्मीना शॉल, साडिों और सलवार-कमीज जैसे वस्त्रों का निर्यात बहाल हुआ है। कश्मीरी कहवा और केसर के नियार्ती बाजार भी खुल चुके हैं। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था फलने-फूलने लगी होगी। कश्मीर घाटी अब देश की मुख्यधारा से जुड़ कर अनुच्छेद 370 का इतिहास और अतीत भूल चुकी है। किसी पारिवारिक सियासत का हिस्सा 370 अब भी होगा, लेकिन आम कश्मीरी का कोई विरोध नहीं है। उसे सिर्फ विकास और रोजगार की दरकार है। वह इससे खुश और देश से जुड़ा महसूस करता है कि 53 विकास योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने घाटी में किया। गांव-गांव तक 10 फुट की सडकें बन रही हैं।

## एक साथ चुनाव, आम सहमति जरूरी

अजीत द्विवेदी

विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने एक देश, एक चुनावइ के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है। चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है। कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी एक देश, एक चुनावइ शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोडे की सिफारिश करने वाली है। उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है। इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश, एक चुनावइ के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 140 करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 50 लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे। एक तरफ 50 लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है? इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है?ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी एक देश, एक चुनावइ के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 50 फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है। दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है। क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी?इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने एक देश, एक चुनावइ के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। पार्टियों ने इसे संविधान द्वारा बनाए गए संघीय ढांचे के प्रतिकूल कहा है। हालांकि सरकार का तर्क है कि आजादी के बाद तीन लोकसभा चुनावों तक ऐसा होता रहा था। लेकिन सबको पता है कि 1967 में यह चक्र टूट गया और उसके बाद से देश की राजनीतिक परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब हालात 1952 या 1957 या 1962 वाले नहीं हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और समय के साथ हर राज्य की एक अनोखी सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था विकसित हुई है। अगर इसमे एकरुपता लाने की कोशिश होती है तो उससे विविधता और बहुलता को भी नुकसान होगा और साथ ही संघवाद की धारणा भी प्रभावित होगी। पूरे देश में एक राष्ट्रीय नैरेटिव पर चुनाव कराना भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के लिए ठीक नहीं है। अगर पहले तीन चुनाव में ऐसा हुआ है तो उसके 60 साल बाद जरूरी नहीं है कि उस व्यवस्था को लौटा लाया जाए। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र और चुनाव बगैर विपक्ष की भूमिका के संभव नहीं हैं। अगर सरकार चाहती है कि देश में लोकतंत्र का तमाशा नहीं बने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव एक औपचारिकता बन कर न रह जाए तो उसे विपक्ष को इस प्रक्रिया में शामिल करना होगा। भारत को जीवंत और जाग्रत लोकतंत्र बनाए रखने के लिए इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को भी शामिल करना होगा। मतदाताओं की व्यापक भागीदारी के बिना अगर सरकार अपनी मर्जी से एक देश, एक चुनाव के विचार को लागू करती है तो यह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला होगा।

# महत्वपूर्ण प्रगतिः भारत में उच्च शिक्षा के विकास का एक दशक

**वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं। संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरूआत- प्रारंभिक वर्ष (2013-14) भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं। 18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था, जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था।**





**प्रो.हिमांशु राय**
**निदेशक, आईआईएम इंदौर**

भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दशार्ती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है।

अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं।

संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरूआत- प्रारंभिक वर्ष (2013-14)

भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं।

18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था, जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था। यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते), उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी।

इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी।

गति को बनाए रखना : प्रमुख सुधार और पहल (वर्ष 2014-23)

2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया। नए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वाकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।

एआईएसएचई वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनईपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगाई है। विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरूआत की। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित डिजिटल इंडिया और भारतनेट जैसी पहलों ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है, वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत वर्ष 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही। इस अवधि में 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर और 8.9 मिलियन उद्धरण देखे गए। नवाचार में, वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक पेटेंट फाइलिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

निष्कर्षः

बीते दशक में, भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र ने केवल वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ तालमेल ही नहीं बनाए रखा है, बल्कि अक्सर उनका मार्ग भी प्रशस्त किया है। पर्याप्त नीतिगत सुधारों और उन्नत तकनीकी उपकरणों के एकीकरण के माध्यम से, युवा, गतिशील भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की नए सिरे से कल्पना की गई है। आंकड़ों में प्रगति स्पष्ट होने के बावजूद, समान पहुंच, गुणवत्ता में सुधार और विविध अनुसंधान क्षेत्रों को बढ़ावा देने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। शैक्षिक परिवर्तन की इस उल्लेखनीय यात्रा को बनाए रखने और इसमें तेजी लाने के लिए निवेश, नीतिगत सुधार और नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता आवश्यक है।

# मोदी का परिवार अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में भारी पड़ सकता है

**मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच ह्यपरिवारवादह्न के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप ह्यचौकीदार चोर हैह्न का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने ह्यमैं भी चौकीदारह्न अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व ह्नमोदी का परिवारह्न अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच ह्यपरिवारवादह्न के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप ह्यचौकीदार चोर हैह्न का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने ह्यमैं भी चौकीदारह्न अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व ह्नमोदी का परिवारह्न अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है। भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे ह्यमोदी का परिवारह्न लिखने का एक महा-अभियान शुरू कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने ह्यचौकीदार चोर हैह्न कहा तो भाजपा ने ह्यमैं भी चौकीदारह्न की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब ह्यमोदी का परिवारह्न मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है। नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चचाओं में भाषा की मयार्दा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मयार्दा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतुके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानों से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है

# अबकी बार, 400 पार के लिए भाजपा के कितने खेवनहार?

अशोक भाटिया

भारतीय जनता पार्टी अबकी बार, 400 पार का नारा देकर लोकसभा चुनाव में जाने को तैयार है। उत्तरप्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी), बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) जैसे पुराने सहयोगी फिर से एनडीए में वापसी कर चुके हैं तो वहीं तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी), बीजू जनता दल (बीजेडी) जैसी पार्टियां भी गठबंधन में वापसी की कगार पर हैं। भाजपा 400 सीटों के टारगेट तक पहुंचने के लिए राज्य दर राज्य अपना और गठबंधन का कुनबा बढ़ाती जा रही है। सीटें कम हैं, साथी ज्यादा हैं और इस वजह से बिहार से लेकर महाराष्ट्र तक एनडीए के लिए सीट बंटवारा सिरदर्द बन गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भाजपा के साथ जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल सोनेलाल गठबंधन में हैं। 80 सीटों वाले उत्तरप्रदेश में चार सहयोगियों को भाजपा ने छह सीटों पर एडजस्ट कर दिया। पार्टी इसी तरह का फॉमूर्ला अन्य राज्यों में भी लागू करना चाहती है लेकिन समस्या यह है कि हर राज्य की परिस्थितियां अलग हैं और इस वजह से बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पेच फंस रहा है। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं और भाजपा समेत एनडीए में छह पार्टियां शामिल हैं। एनडीए में भाजपा के साथ चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (एलजेपीआर), पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम), जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू शामिल हैं। अब समस्या यह है कि 2019 के चुनाव में भाजपा के साथ जेडीयू और एलजेपी ही थे। अब पेच यह है कि एलजेपी दो दलों में बंट गई और दोनों दल एनडीए में हैं ही, उपेंद्र कुशवाहा और मांझी की पार्टियां भी एनडीए में आ चुकी हैं। पशुपति और चिराग, दोनों ही चाचा-भतीजा 2019 के फॉमूर्ले पर छह-छह सीटें मांग रहे हैं। पशुपति हाजीपुर सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं तो वहीं चिराग भी इस सीट से अपनी मां रीना पासवान को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी काराकट और सीतामढ़ी सीट के लिए दावा कर रही है तो वहीं मांझी की पार्टी अपने लिए गया सीट चाहती है। ये तीनों ही सीटें 2019 के चुनाव में जेडीयू जीती थी। जेडीयू को सीटिंग सीटें छोड़ने के लिए कैसे तैयार किया जाए? सहयोगियों को एडजस्ट करने के बाद भाजपा-जेडीयू के लिए बचेगा क्या? महाराष्ट्र में भाजपा के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का गठबंधन है। शिंदे अपनी पार्टी के लिए 2019 के फॉमूर्ले को आधार बनाकर 23 सीटें मांग रहे हैं तो वहीं अजित भी 10 सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं। अमित शाह ने हाल ही में मुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार के साथ ही महाराष्ट्र भाजपा के नेताओं के साथ भी बैठक की थी जिसके बाद यह फॉमूर्ला सामने आया था कि भाजपा 32, शिंदे की पार्टी 10 और अजित पवार की पार्टी को तीन सीटें मिल सकती हैं। बाकी बची तीन तीन सीटों पर भी शिंदे और अजित पवार की पार्टी के नेताओं को चुनाव लड़ाया जा सकता है। अब पेच यह है कि पिछले चुनाव में शिवसेना के 18 उम्मीदवार सांसद निर्वाचित हुए थे। इनमें से 13 सांसद शिंदे के साथ आ गए। पांच सांसद उद्धव ठाकरे की पार्टी के साथ ही रह गए।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पर कुट्टू आटे से बने पकवान खाने से 70 से अधिक लोग बीमार

अमरोहा। महाशिवरात्रि पर कुट्टू आटे से बनी पकौड़ी और पकवान खाने के बाद करीब 70 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। पेट दर्द, कंपकंपी, उल्टी व दस्त की शिकायत पर सभी को नगर के अलग- अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कई का उपचार जारी है जबकि कुछ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। गनीमत यही है कि सभी खतरे से बाहर हैं। दूसरी ओर प्रशासन पीड़ित की संख्या 26 बता रहा है। बताया जा रहा है कि एकादशी व्रत के बाद गुरुवार को कुट्टू के आटे की पूड़ी खाने से रहरा अड्डा कोट पूर्वी मोहल्ले के करीब 15 लोगों की तबियत बिगड़ गई। पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की शिकायत पर इन्हें मोहल्ला होली वाला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं महाशिवरात्रि पर नगर के झारखंड शिवाला मंदिर पर लगे भंडारे में कुट्टू के आटे की पकौड़ी से 40 से अधिक की तबीयत बिगड़ गई। कुट्टू के आटे के पकवान खाने से बीमार लोगों से शहर के कई निजी अस्पताल फुल हो गए। मरीजों को भर्ती कराने का सिलसिला गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार शाम तक जारी रहा। गनीमत यह रही कि समय पर उपचार मिलने की वजह से किसी की जान नहीं गई। इस मामले में एसडीएम पुष्करनाथ चौधरी ने बताया कि कुट्टू का आटा खाने से 26 लोगों बीमार हुए हैं। सात पीड़ितों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। संबंधित दुकान से कुट्ट के आटे का सैंपल लिए जा रहे हैं।

### अन्तर्राज्यीय स्तर पर गो-तस्करी करने वाला गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से गो-तस्करी में वांछित अन्तर्राज्यीय स्तर पर गो-तस्करी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य व पचीस हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त भुद्दू अली को एसटीएफ ने कुशीनगर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने इसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक मोबाइल फोन और छह सौ रुपये नकद बरामद किया है। जनपद गोरखपुर, कुशीनगर, संतकबीरनगर एवं आस-पास के जनपदों से बिहार प्राना को गोवंश की तस्करी करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करने के लिए एसटीएफ फील्ड इकाई गोरखपुर को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार की शाम को कुशीनगर में घेराबंदी करके फरार अभियुक्त भुद्दू अली को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त भुद्दू अली ने बताया कि उसका एक गिरोह है जो अन्तर्राज्यीय स्तर पर गो-तस्करी का कार्य करता है।15 जून 2022 को एक पिकप गाड़ी पशु लोड करके बिहार जा रही थी। थाना क्षेत्र पटहेरवा अन्तर्गत बैरियर पर उक्त पिकप गाड़ी को हेक धर्मवीर यादव द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर पिकप सवार तस्करों ने फरार हो गये, जिसमें हेड कास्टेबल धर्मवीर यादव की मृत्यु हो गयी थी।

# जीवन में सफलता के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है : योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर, एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अनुशासन आत्मानुशासन से पैदा होता है और यह जीवनभर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस नजरिये से युवाओं को अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान देने में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के सिक्टौर (तालकंदला) में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर की प्रशिक्षण अकादमी का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में 55 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 1948 में संसद के एक अधिनियम के जरिये गठित एनसीसी युवाओं को एकता और अनुशासन के लिए प्रेरित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वदीधारी संगठन है। उन्होंने कहा कि एनसीसी को आज के युवाओं के जीवन का हिस्सा बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है और इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए गोरखपुर में एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना की जा रही है। योगी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था की तरफ से प्रयास किया जाता है तो सरकार दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है और एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी के लिए गोरखपुर मुख्यालय ने ऐसा ही प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर में आने वाले 11 जिलों में से चार जिले सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जिले हैं और एनसीसी अकादमी में प्रशिक्षित युवा इन जिलों को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। योगी ने कहा कि प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है और एनसीसी की यह प्रशिक्षण अकादमी यहां के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, ह्यहमारे लिए देश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। देश के लिए समर्पण की भावना से ही एकता और अनुशासन का भाव आगे बढ़ता है। इस अवसर पर सांसद रवि किशन ने कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास और यहां के लोगों का भविष्य संवारने के लिए मुख्यमंत्री प्रतिदिन 18 घंटे कार्य करते हैं और उन्होंने गोरखपुर को विकास के नक्शे पर चमका दिया है। एनसीसी के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विजय विक्रम कुमार ने एनसीसी परिवार की तरफ से मुख्यमंत्री योगी का स्वागत किया और एनसीसी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## पत्रकार के पिता अशफ ाक हुसैन का निधन, पत्रकार एवं जनप्रतिनिधियों ने किया शोक व्यक्त

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। क्षेत्रीय संवाददाता राशिद हुसैन के 84 पिता अशफाक हुसैन का अचानक सर्दी लगने के कारण निधन हो गया। उनकी मृत्यु पर पत्रकारों सहित बुद्धिजीवियों समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों ने प्रकट किया वहीं प्रेस क्लब स्योहारा के कार्यालय स्टेशन रोड़ पर एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें पत्रकारों ने रोष प्रकट किया। इस मौके पर प्रेस क्लब संरक्षक डा.मनोज कुमार वर्मा, सहसंरक्षक धर्मेंद्र कुमार, डा.सुआलेह अहमद उर्फ. शब्बू, क्लब अध्यक्ष रियाज उर्फ.प्रिंस, महामंत्री चमन भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी विश्नोई, नादिर त्यागी, गय्यूर चौधरी, आकाश तोमर, अरशद चौधरी, इकबाल अंसारी, फजल अंसारी, अंकुल प्रजापति आदि ने मरहूम के लिये दुआ की। इनके देहांत पर राजपाल सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मुरादाबाद,चौधरी सुखबीर सिंह अधिशासी अध्यक्ष शुगर मिल, चेयरमैन स्योहारा फैसल वारसी, हाजी मौहम्मद इल्यास पूर्व लोकसभा प्रभारी मुरादाबाद, पूर्व विधायक हाजी नईम उल हसन, लक्ष्य डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अनुराग चौहान, भाजपा नेता डा दानिश कमाल, व्यापारी नेता मुकेश रस्तौगी, डा.जानिब हाशमी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी फहीमुर्रहमान, चौधरी महफूज एडवोकेट,नगर अध्यक्ष कांग्रेस खलीक चौधरी,पूर्व डीएसपी इकबालुज्ममा, असजद चौधरी, बसपा नेता आदिल चौधरी, अफजाल चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष, डा.नसीम हाशमी, मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भटनागर, हाजी जमील अहमद, शेंकी रस्तौगी, हाजी अनवर जमाल, किसान नेता गजेंद्र सिंह टिकैत, डा.एचएस कालरा, हाफिज शमीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजू अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, बसपा नगराध्यक्ष इफ्तेखार चौधरी, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी, नीरज अग्रवाल, बब्बू अग्रवाल, राजू मिगलानी, कपिल शर्मा, वही दूरभाष पर किसान मोर्चा के नेता बाबू राम द्विवेदी ने गहरा दुख व्यक्त किया।

## रमजान व ईद-उल फितर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध

**डीजीपी का निर्देश- नई परम्परा की अनुमति न दी जाय**

लखनऊ, एजेंसी

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा द्वारा समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक,पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद को आगामी रमजान माह एवं ईद-उल-फितर आदि त्यौहारों के अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था व पुलिस प्रबन्ध के परिपेक्ष्य में दिशा निर्देश दिये गये है। डीजीपी ने कहा कि है कि समस्त कार्यक्रम के आयोजकों, पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं आदि के साथ गोष्ठी कर ली जाय। गोष्ठी में सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्यौहारों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाय। नई परम्परा की अनुमति न दी जाय तथा प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नंबर-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय। असामाजिक व अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार उनके विरूद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। त्यौहार के दृष्टिगत समस्त ट्रबल स्पाट, हॉट स्पाट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण व समीक्षा कर ली जाये। विगत वर्षों में प्रकाश में आये समस्त विवादों, घटनाओं की समीक्षा करते हुए सभी स्थानों पर प्रभावी पुलिस प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाये। असूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय व सतर्क रखा जाय तथा विभिन्न असामाजिक, अवॉछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए छोटी सी छोटी सूचना को भी अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये तत्परता पूर्वक यथोचित वैधानिक कार्रवाई की जाये। आयोजन स्थलों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, जुलुस के मार्गों एवं हॉट स्पाट पर प्रर्याप्त व सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध किया जाय तथा सीसीटीवी कैमरा,ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जाय एवं नियमित मोबाइल गश्त व फुट पेट्रोलिंग करायी जाय। जनपदों में पोस्टर पार्टी का गठन कर समस्त धार्मिक स्थलों की नियमि- सुनिश्चित की जाये। यूपी 112 के पीआरवी वाहनों के कर्मियों को ब्रीफ करते हुए व्यवस्थापन किया जाये। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाय तथा उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाय। असत्य एवं भ्रामक सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका खण्डन किया जाय तथा आवश्यकतानुसार विधिक कार्रवाई की जाये।

## जीत सिंह को थाना स्योहारा तो धर्मेंद्र सिंह सोलंकी को मिली थाना नहटौर की जिम्मेदारी

**शांति एवं कानून व्यवस्था बनाना मेरी प्राथमिकता : जीत सिंह**





प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा/ नहटौर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस कप्तान नीरज कुमार जादौन ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त करते हुए कई निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते कुछ को थानों का चार्ज सौंपा।इसी क्रम में मीडिया सेल प्रभारी इंस्पेक्टर जीत सिंह को थाना स्योहारा के प्रभारी पद पर तैनात किया गया है वह अब थाना स्योहारा का चार्ज सम्भालेंगे। तो वही स्योहारा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी का स्थानांतरण थाना नहटौर के प्रभारी निरीक्षक के लिये कर दिया है। नवागत थाना स्योहारा प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने स्योहारा थाने का चार्ज संभालने बाद कहां की सरकार तथा शासन प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए कानून और शांति व्यवस्था कायम कराना मेरी प्राथमिकता होगी। छोटे से छोटे अपराधों पर भी पैनी नजर रहेगी।उन्होंने आगे कहा कि पीड़ितो विशेषकर महिलाओं तथा बच्चो के साथ अपराध करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। पीड़ित व्यक्ति मुझसे सीधे आकर मिल सकता है। किसी को भी कानून हाथ मे लेने की इजाजत नही होगी इसके साथ ही उन्होंने स्योहारा थाना क्षेत्र में चोरी ,पशु चोरी,जुआ, सट्टा,नशे का कारोबार करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग इस बुरे कार्यो में सम्मिलित हैं तुरंत ये गैर कानूनी कारोबार बंद कर दें । अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाकर जेल भेजा जाएगा। कानून का सम्मान करने वालों को पूरा सम्मान दिया जाएगा।आपको बताते चले कि इंस्पेक्टर जीत सिंह बहुत सीनियर और गम्भीर स्वभाव के पुलिस इंस्पेक्टर है वह अनेक जनपदों सहित बिजनौर की भी बिजनौर मुख्यालय कोतवाली, धामपुर कोतवाली सहित अनेक थानों में कार्यरत रहते हुए पुलिस विभाग को अपनी सरहानीय सेवाएं दे चुके हैं।

## लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला : अखिलेश

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव बताया। यादव ने यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा, ह्ययह संविधान बचाने का चुनाव है। यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। यह आरक्षण बचाने और अपना सम्मान बचाने का चुनाव है । उन्होंने कहा, एक समय समुद्र मंथन हुआ था। अब यह संविधान मंथन का समय है। एक तरफ, वे लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, और दूसरी तरफ, वे लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भव्य स्वागत भी करती है और शानदार विदाई भी देती है। यादव ने कहा, ह्यजो लोग 2014 में (सत्ता में) आए थे, वे 2024 में (सत्ता से बाहर) जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी (स्पष्ट रूप से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए) 10 साल भी पूरे हो गए हैं। एडॉल्फ हिटलर दो अगस्त 1934 से 30 अप्रैल 1945 तक जर्मनी का फ्यूहरर था। वह 30 जनवरी 1933 से 30 अप्रैल 1945 तक जर्मनी के चांसलर रहा। सपा प्रमुख ने नवनियुक्त मंत्री ओम प्रकाश राजभर (उनका नाम लिए बिना) पर कटाक्ष करते हुये कहा कि जब तक उन्हें विभाग आवंटित किया जाएगा और प्रमुख सचिव नियुक्त किया जाएगा, तब तक चुनाव हो जायेंगे। यादव ने दावा किया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, देश में लगभग एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर सपा सत्ता में आई तो वह एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी देगी। यादव ने कहा , किसानों की मांगें जायज हैं। एमएसपी लागू हो और इसकी कानूनी गारंटी हो, क्योंकि खेती अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर किसान और खेती बर्बाद हो जाएगी तो अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ेगा।

## डिप्टी सीएम की मौजूदगी में ली भाजपा की सदस्यत

लखनऊ, एजेंसी



भाजपा सदस्यता अभियान के तहत लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नेता नीरज सिंह की उपस्थित में बड़ी संख्या में अन्य पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें पूर्व प्रदेश महासचिव सपा बीनू शुक्ला बड़ी सख्या में अपने सहयोगियों के साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रसपा विनोद मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ कल्पेश द्विवेदी, पूर्व महासचिव महेंद्र गौड, पूर्व महासचिव युवा जनसभा शुभम मिश्रा राम, पूर्व उपाध्यक्ष अभिजोत सिंह, विजय यादव, सर्वेश चौहान, हरीश मिश्रा, याकूब अंसारी, सत्येंद्र सिंह, दिनेश यादव, धर्मेंद्र सिंह यादव, राजू यादव, जुमा खान, मृदुल वाजपई,नगर सचिव मनोज वाजपई, हनुमन पाल, ओम प्रकाश मिश्रा, गौरी शंकर गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राकेश यादव, नदीम खान, उदय प्रताप मिश्रा, काशीराम रावत, प्रेमवती रावत, कल्पना शुक्ला, अनुज शुक्ला, वंदना शर्मा, रामनरेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद के साथ दो हजार से अधिक कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। वही कैंट विधानसभा के रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड के पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी प्रशांत कुमार साहू, उत्तर विधानसभा से मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सदस्यता ग्रहण की।

## 5 वर्षो में 5 हजार मृतक दाताओं ने दर्ज कराया रिकॉर्ड

लखनऊ, एजेंसी

राजधानी के चिकित्सा संस्थान में अंग प्रत्यारोपण करने वालों ने रिकॉर्ड दर्ज कराया है। शनिवार को डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान निदेशक प्रो.सीएम सिंह ने दिशा निर्देशन में नेफ्रोलाजी विभाग एवं किडनी डिजीज एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाईटी के संयुक्त तात्वधान से मृतक दाता के बारे में संगोष्ठी की गयी। संगोष्ठी का शुभारंभ निदेशक प्रो.सीएम सिंह , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एके सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें संस्थान के विभिन्न फैकल्टी सदस्य और विभागाध्यक्ष और प्रत्यारोपण समन्वयक उपस्थित रहे। वहीं सर्व प्रथम प्रो.सीएम सिंह ने सम्बोधित करते हुए नेफ्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाष चंद्रा को संगोष्ठी केआयोजन बधाई दी। संगोष्ठी में शामिल विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों में अपने अपने विचार साझा किये। जिसमें निदेशक ने तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर से आये हुये प्रवक्ता, प्रतिभागियों ,संकाय सदस्यों का धन्यवाद दिया। इसके तत्पश्चात उन्होंने बताया कि भारत में गुर्दे की बीमारी बहुत आम है और अब समाज में इसकी व्यापकता बढ़ रही है। गुर्दे का प्रत्यारोपण इसका सबसे अच्छा इलाज है, फिर भी, किडनी दाताओं की लंबी प्रतिक्षा सूची है। उत्तर भारत समेत यूपी में ज्यादातर प्रत्यारोपण जीवित दाताओं से किए जाते हैं, मृत दाताओं से नहीं। साथ ही संगोष्ठी के नेफ्रोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाष चंद्रा ने विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में भारत में स्थिति काफी सुधार हुआ है, मृतक दाता प्रत्यारोपण 2013 में लगभग 300 से बढ़कर 2022 में सालाना 900 से अधिक हो गए हैं। पिछले 5 वर्षों में कुल 5 हजार से अधिक मृतक दाता प्रत्यारोपण दर्ज किए गए। इसके साथ ही एम्स दिल्ली के डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. दीपांकर भौमिक ने मस्तिष्क मृत्यु प्रमाण पत्र और मृतक दाता प्रत्यारोपण के प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। नोटो दिल्ली से आये डॉ. अवधेश कुमार यादव और एसजीपीजीआई लखनऊ के सोटो के डॉ. हर्षवर्धन ने उत्तर प्रदेश में मृतक दाता के कानूनी पहलुओं और स्थिति के बारे मे अपने विचार प्रकट करते हुये इस कार्य की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। प्रो. अनुपमा कौल और डॉ. संचित रुस्तगी ने बताया अकेले किडनी पुनर्प्राप्ति के चरणों के बारे में विस्तारक जानकारी उपलब्ध कराई और किडनी प्रत्यारोपण के लिए आवंटन आदेश के बारे में बताया।

## चलो देखें अपना देश कॉन्क्लेव का आयोजन

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से 10 मार्च को ओडिशा के भुवनेश्वर में चलो देखें अपना देश कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों और आगंतुकों के बीच अपने पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग करेगा।पर्यटन विभाग और आर्गुस ब्रॉडकास्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कॉन्क्लेव में देश भर से आए प्रमुख गंतव्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टेक होल्डर्स की भागीदारी होगी। भुवनेश्वर के ह्यद क्राउन होटलह्ण में आयोजित यह एक दिवसीय कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध पर्यटन पेशकशों को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है। इस मंच के माध्यम से विभाग अपने धार्मिक, एतिहासिक, सांस्कृतिक तथा इको टूरिज्म के साथ प्रदेश के विशिष्ट और मनोरम आकर्षणों को वैश्विक पटल पर नयी संचार तकनीक के माध्यम से पेश करेगा।इस संगोष्ठी का उद्देश भारत में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के रास्ते तलाशने के लिए पर्यटन उद्योग, सरकारी अधिकारी, नीति निमार्ता और अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंफ्लुएंसर्स एक मंच पर जुटेंगे।कॉन्क्लेव का उद्घाटन सत्र ह्लभारतीय पर्यटन में नीतियां और व्यवहारः विश्लेषण और रणनीतिह्व विषय पर चर्चा के साथ शुरू होगा, उसके बाद के सत्र में भारत के पर्यटन परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही भारत के वैश्विक आकर्षण को बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास, हेल्थ और वेलनेस पर्यटन में संभावनाएं और एक प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भारत की क्षमता विषय पर मंथन होगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ह्यचलो देखें अपना देशह्ण कॉन्क्लेव के माध्यम से पर्यटन विभाग उड़ीसा में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय इंफ्लुएंसर्स और टूरिज्म वेंडर्स के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों को प्रचारित और प्रसारित करेगा। पर्यटन में रोजगार की अपार संभावनाएं है। हमारा उद्देश्य घरेलू पर्यटन के साथ विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी अग्रणी राज्य बनना है।

## नवीन नंदी गौशाला दढ़ियाल एवं नंदी विहार गौशाला गुरैठा में पुलिस चौकी का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



अमरोहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह की गरिमाई उपस्थित में क्षेत्रीय विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़कबंशी द्वारा ब्रह्द नंदी बिहार गौशाला गुरैठा की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग की ओर से नवीन पुलिस चौकी का पिता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात विधायक व जिलाधिकारी द्वारा नंदी बिहार गौशाला में छुट्टा पशुओं के रखरखाव के लिए दो नए टीनशेड़ तथा भूसा गोदाम का भी लोकार्पण किया । जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे बृहद नंदी बिहार गौशाला की चारदीवारी कराई जाए तथा ब्रह्द नंदी विहार गौशाला में जो तालाब खुदवाए गए हैं उसमें स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मत्स्य पालन करवाया जाए।ताकि उन्हें रोजगार मिल सके और गौशाला की भी इनकम बढ़ सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बृहद नंदी बिहार गौशाला में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला कर किया जाना चाहिए कहा कि गौशाला में पाखर नीम बरगद जैसे छाँहदार वृक्ष बृहद स्तर पर लगाए जाने चाहिए।इस अवसर पर जिला अधिकारी जी ने माननीय विधायक जी की उपस्थिति में नंदी बिहार गौशाला का भ्रमण कर पशुओं को देखा और खंड विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पशुओं की बेहतर देखभाल किए जाने के निर्देश दिया । कहा कि पशुओं को भूसा के साथ हरा चारा खली चोकर मिलाकर अवश्य दिया जाए।इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बीमार पशुओं का समय से इलाज किये जाने व समय-समय पर संबंधित डॉक्टर द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। गुरैठा नवीन पुलिस चौकी के उद्घाटन पूर्व जिलाधिकारी क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी द्वारा दढियाल में नए पशु नंदी शाला का विधिवत पूजन अर्चन मंत्र उपचार के साथ कर फीता काटकर उद्घाटन कियाःब ड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र के पशुपालकों व क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी जी ने कहा कि नंदी बिहार गौशाला बन जाने से अवश्य क्षेत्र के जो छुट्टा पशु घूम रहे हैं उन्हें इस गौशाला में संरक्षित किया जा सकेगा जिससे किसानों को सहूलियत मिल सकेगी। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आप लोग कोई भी पशु पशुपालक जो गोवंश पाल रखे हैं दूध देने के बाद छोड़ दे रहे हैं वह ऐसा न करें इसकी सूचना तहसील और थाने में दें आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि अब अवश्य ही क्षेत्र के छुट्टा पशुओं से निजात मिल सकेगी खंड विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभियान चला कर जो छुट्टा पशु जो क्षेत्र में घूम रहे हैं उन पशुओं को इस गौशाला में संरक्षित करें यह कार्य अभियान चलाकर किया जाना चाहिए और गौशाला में हरा चारा खली चोकर भूसा की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए खंड विकास अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देंगे।पशुओं को देखभाल बेहतर तरीके से किया जाना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही संज्ञान में ना आए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप जिला अधिकारी हसनपुर,खंड विकास अधिकारी हसनपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं के लिए योगी सरकार का होली गिफ्ट

लखनऊ, एजेंसी

योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं को होली का तोहफा देते हुए त्योहार पर निशुल्क गैस सिलेंडर प्रदान करने जा रही है। सरकार के इस प्रयास से रंगों का यह पर्व पर प्रदेश की गरीब महिलाओं और उनके परिवार वालों के लिए खास बन जाएगा। इससे प्रदेश के 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। इससे पहले योगी सरकार ने दीपावली पर भी महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दिया था।उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण कराए जाने के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये का बजट प्राविधानित किया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योजना में प्रथम चरण के अंतर्गत दीपावली पर्व के लिए लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की गई। द्वितीय चरण में अब होली पर्व के अवसर पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 नवंबर 2023 को योजना का शुभारंभ करते हुए एक साथ लाखों उज्जवला लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी की धनराशि का अतंरण किया था।

## जन समस्याओं के समाधान में ढिलाई न बरतें अधिकारी : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही न बरती जाए और इस बात पर बल दिया कि जन समस्याओं को हल करना तथा उसका त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने करीब 500 लोगों की शिकायतें सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर किसी की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह हिदायत भी दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोर वर्ग को धमकाने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कई लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष इलाज के लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराने की गुहार भी लगाई। उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इसके लिए पूरी मदद करेगी। राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उनकी मदद की जाए।



# शोटाइम अभिनेता राजीव खुद को नहीं मानते हैं स्टार

अभिनेता राजीव खंडेलवाल टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। पहली बार वे टीवी शो कहीं तो होगा में सुजल की भूमिका में दिखाई दिए थे। इस शो ने उन्हें टेलीविजन इंडस्ट्री का चमकता सितारा बना दिया था। दर्शकों को आज भी राजीव सुजल के रूप में याद हैं। आने वाले दिनों में वे वेब सीरीज शोटाइम में नजर आने वाले हैं। हाल ही में अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेता अपने शुरूआती दिनों की यादें साझा करते दिखाई दिए।

## नीतू कपूर ने लुटाया था प्यार

सीरियल कहीं तो होगा से राजीव रातों रात स्टार बन गए थे। पुराने दिनों को याद करते हुए अभिनेता कहते हैं, मुझे खुद नहीं पता कि कैसे मैं अचानक इतना लोकप्रिय हो गया। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक पार्टी के दौरान मैं नीतू कपूर से मिला था। वे मेरे पास आईं और उन्होंने मेरे गालों को थपथपाते हुए कहा कि आप बहुत प्यारे लग रहे हो और मुझे आपका शो काफी पंसद है।

## राजेश खन्ना से मिली थी तारीफ

राजीव खंडेलवाल अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, उस रात उस पार्टी में कई दिग्गज सितारे मौजूद थे। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं राजेश खन्ना और दिलीप कुमार साहब से मिलूंगा। मुझे रीना रॉय जी राजेश खन्ना से मिलवाया था। वे सफेद कुर्ता-पायजामा में थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं।

## खुद को नहीं मानता स्टार

अभिनेता राजीव खंडेलवाल सीरियल के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। उनकी अच्छी-खासी फैन-फॉलोइंग है। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप खुद को स्टार मानते हैं। तब राजीव ने कहा, नहीं मैं खुद स्टार नहीं मानता हूं। आप खुद स्टार तब समझिए जब लोग आपको अपने दिल में रखें और आपके जाने के बाद भी आपको और आपके काम को याद करें।



# तारिणी से बॉलीवुड में धमाल मचाने को तैयार आरुषी निशंक

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस खास मौके पर हिमश्री फिल्म्स और टी- सीरीज ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट तारिणी की घोषणा की है। इस फिल्म के माध्यम से मशहूर कत्थक नृत्यांगना आरुषी निशंक बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी। तारिणी दुनिया के सामुद्रिक सफर पर निकलीं पहली, नेवी की छह जांबाज महिला अफसरों पर आधारित एक फिल्म है। इस घोषणा के बाद दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। रक्षा मंत्रालय से सफलतापूर्वक अधिकार प्राप्त करने के बाद, आरुषि निशंक और कुमार विश्वास वर्तमान में तारिणी के लेखन को पूरा करने में लगे हुए हैं। यह परियोजना छह वीर महिलाओं की मनोरंजक कहानी को पर्दे पर जीवंत तरीके से पेश करने के लिए तैयार है, जिन्होंने समाज की रूढ़िवादिता को तोड़ा और समुद्र पर विजय प्राप्त की और हर महिलाओं के लिए मिसाल बनी थीं। बता दें कि तारिणी केवल एक साधारण कहानी नहीं है। यह महिला सशक्तिकरण को भी प्रदर्शित करती है। यह महिलाओं की उपलब्धियों का प्रमाण है। आरुषि निशंक का मानना है कि यह परियोजना दुनिया भर में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के प्रतीक और उदाहरण के रूप में काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत बनी इस तारिणी नौका में सवार होकर इन छह महिला अफसरों ने इस साहसिक अभियान के साथ अपना नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से भी दर्ज कर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अभियान को खूब सराहा था। अरुषी निशंक ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, तारिणी सिर्फ एक कहानी से कहीं अधिक है; यह उन महिलाओं की जाबाज भावना को श्रद्धांजलि है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और संभावनाओं को फिर से परिभाषित करती हैं। इस परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। लेखक कुमार विश्वास ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, तारिणी पर सहयोग करना एक सम्मान की बात है और मैं साहस और विजय की इस कहानी को बुनने के लिए उत्साहित हूं। इन छह महिलाओं की यात्रा प्रेरणा का स्रोत है और हम आशा करते हैं कि उनकी कहानी को इस तरह व्यक्त करें जो दर्शकों को पसंद आए।



# श्रीजिता डे ने साझा किया कास्टिंग काउच का अनुभव

लोकप्रिय अभिनेत्री और बिग बॉस 16 की प्रतियोगी श्रीजिता डे ने हाल ही में अपने चौंकाने वाले कास्टिंग काउच अनुभव के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में, श्रीजिता ने खुलासा किया कि यह घटना तब हुई जब वह कोलकाता में एक वरिष्ठ निर्देशक के साथ मीटिंग के लिए गई थीं। अभिनेत्री के इस खुलासे से उनके फैंस भी हैरान रह गए हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। श्रीजिता ने खुलासा करते हुए कहा, जब मैं केवल 17 साल की थी तब मैंने मनोरंजन इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। मैं पश्चिम बंगाल के हल्दिया नामक एक बहुत छोटे शहर से हूं। मेरी मां हमेशा मेरी सपोर्ट सिस्टम रही थीं, लेकिन इसके बावजूद मैं इन सबकी शिकार हो गई। मुझे लगता है कि समाज में ऐसे लोग काफी तादाद में भरे पड़े हैं। आपको हर एक कदम सोच समझ कर रखने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि लोग उन्हें सिर्फ मीटिंग के लिए बुलाते थे और उनके पास देने के लिए कोई भूमिका या प्रोजेक्ट नहीं होता था। अभिनेत्री ने कहा, मैं ऐसे लोगों से मिली हूं, जो काफी चालाक थे, जिनके पास देने के लिए कोई परियोजना नहीं थी लेकिन वे सिर्फ मीटिंग चाहते थे। वे कहते थे उनके पास इस बड़े निर्देशक की एक फिल्म है लेकिन बीच में कास्टिंग काउच शामिल था। मैं इस तरह के लोगों से मिली, लेकिन मैंने अपनी मां से कुछ भी नहीं छिपाया। श्रीजिता ने बताया, जब मैं 19 साल की थी, तो मुझे एक बंगाली फिल्म ऑफर की गई थी, जो एक हिंदी फिल्म की रीमेक थी। मुझे एक मीटिंग के लिए बुलाया गया था। मेरी मां कोलकाता में थीं और मैं अकेले डायरेक्टर के ऑफिस गई थी। उन्होंने जिस तरह से मेरा कंधा पकड़ा और जिस तरह से मुझसे बात की, वह मुझे पसंद नहीं आया। वह एक बूढ़े आदमी थे। भले ही आप बहुत छोटे हों, आप जानते हैं कि कौन सा स्पर्श सही नहीं है। मैंने अपना पर्स उठाया और ऑफिस से बाहर भाग गई।
इस तरह की चुनौतियों से पार पाने के बारे में श्रीजिता ने कहा, मुझे आश्चर्य होता था कि लोगों की ऐसी मानसिकता कैसे हो सकती है। लेकिन मैं कभी भी बहकावे में नहीं आई। मैं काफी मजबूत थी और मुझे पता चला जहां अच्छा काम होता है, वहां लोग कभी भी गलत तरीके से आपसे संपर्क नहीं करेंगे।



# सोनाक्षी सिन्हा के लिए बेस्ट डायरेक्टर हैं भंसाली

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी के अलावा मनीषा कोईराला, ऋचा चड्ढा और अदिति राव अहम भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। हाल ही में शो के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी सिन्हा हीरामंडी के अलावा संजय लीला भंसाली के बारे में कई दिलचस्प खुलासे करती नजर आईं।

कॉफी के शौकीन हैं निर्देशक सोनाक्षी सिन्हा शो हीरामंडी- द डायमंड बाजार से पहले भी संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनी फिल्म राउडी राठौड़ में काम कर चुकी हैं। सोनाक्षी बताती हैं, मैं काफी समय से संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाह रही थी, लेकिन किसी न किसी वजह से बात नहीं बन पा रही थी। मैं जब भी उनसे मिलने के लिए ऑफिस जाती थी वे कॉफी ऑफर करते थे। मैं कॉफी पी कर और बात करके वापस आ जाती थी। आप जब भी उनके ऑफिस जाएंगे वो आपको कॉफी जरूर पिलाते हैं। संजय लीला भंसाली कॉफी के शौकीन हैं। सोनाक्षी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे लगता है कि संजय लीला भंसाली अपनी स्त्री किरदारों को सबसे ज्यादा खूबसूरती से दिखाते हैं। आप उनकी कोई भी फिल्म उठा कर देख लीजिए वे महिला चरित्रों के साथ न्याय करते हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे हीरामंडी- द डायमंड बाजार का हिस्सा बनने का मौका मिला।





# बड़े पर्दे पर नजर आएंगी धनुष रश्मिका की जोड़ी

साउथ सुपरस्टार धनुष और इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे टॉलीवुड निर्देशक शेखर कम्मुला की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। फिलहाल फिल्म का अस्थायी नाम डीएनएस (डी 51) रखा गया है। निर्देशक शेखर कम्मुला तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्देशकों में से एक है। अपनी अगली फिल्म में वे धनुष और रश्मिका मंदाना को एक साथ लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। पोस्ट में बताया गया फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक महाशिवरात्रि के मौके पर शाम 4 बजकर 5 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म को एमिगोस क्रिएशन्स और श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी के बैनर तले बनाया जा रहा है। वहीं, इसका संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से दर्शकों में इसे लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। फैंस दोनों की जोड़ी को एक साथ देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले धनुष फिल्म रायन में नजर आएंगे। यह धनुष की 50वीं फिल्म होगी। हाल ही फिल्म का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया। गौरतलब है कि रायन को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन के पोस्टर में धनुष का एंग्री यंग लुक देखने को मिला था, जिसके बाद फैंस धनुष की इस फिल्म को लेकर भी काफी उत्साहित हैं।



# शत्रुघ्न सिन्हा ने पूरी की सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद की शूटिंग

शत्रुघ्न सिन्हा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर राजनीति में सक्रिय हैं। वे आसनसोल लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद हैं। अब एक बार फिर अभिनेता अपने अभिनय का जादू दर्शकों पर चलाने आ रहे हैं। हालांकि, इस बार वह ओटीटी के जरिए मनोरंजन करने वाले हैं। वह वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में अपने अभिनय से दर्शकों को खामोश करने वाले हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन नागेंद्र चौधरी ने किया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा कर उनके साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। अभिनेता ने लिखा है, एक शानदार और अनुभवी निर्देशक नागेंद्र चौधरी के साथ काम करना यादगार अनुभव रहा। सुमन टाकीज की प्रतिभाशाली कास्ट और महान व मेहनती कलाकारों के साथ काम करते हुए अच्छा लगा। अभिनेता ने आगे लिखा, अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद का फर्स्ट लुक पोस्टर आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। यह अपराध, दोस्ती और मुक्ति की एक शानदार कहानी है। इसका निर्माण विनय कुमार और प्रदीप नागर ने किया है। नागेंद्र चौधरी ने इसका निर्देशन करने के साथ-साथ इसे लिखा भी है। यह सीरीज 90 के दशक के अंडरवर्ल्ड की दुनिया की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी। पोस्टर में शत्रुघ्न सिन्हा के अलावा आशुतोष राणा, माहिरा शर्मा, सनी लियोनी, अभिमन्यु सिंह और मुकेश तिवारी जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।

# थंगम बन दिल जीतने आ रहीं हैं जान्हवी कपूर

साल की सबसे भव्य पैन-नेशन रिलीज में से एक के रूप में प्रतिष्ठित महाकाव्य गाथा देवरा- भाग 1 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में मैन ऑफ मास जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। देवरा के साथ जान्हवी कपूर अपना साउथ डेब्यू करने वाली हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन के खास अवसर पर निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जिस पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। देवरा - भाग 1 के निर्माताओं ने जान्हवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इसमें एक पोस्टर का अनावरण किया गया, जिसमें अभिनेत्री थंगम के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जान्हवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। देवरा। जान्हवी कपूर नवीनतम पोस्टर में थंगम के किरदार में नजर आ रही हैं। इस सोशल मीडिया पोस्ट पर शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फैंस, जान्हवी के लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही उनकी सराहना करते भी नजर आ रहे हैं। जान्हवी कपूर ने इस पोस्ट को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रीशेयर करते हुए लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती। बहुत प्यारा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका प्रारंभिक अध्याय 10 अक्तूबर, 2024 को दशहरा सप्ताहांत के साथ सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगा। इस महान कृति का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और सिनेमैटोग्राफी आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।






## संक्षिप्त समाचार

### गोदरेज इंटेरियो की होमस्केप्स स्टडी ने भारत की महिलाओं की करियर महत्वाकांक्षाओं और सशक्तीकरण के सफर पर डाली नजर

**मुंबई, एजेंसी।** आज का भारत तेजी से विकसित हो रहा है, लगातार गतिशील परिवेश में लोगों के अपने घरों के साथ जुड़ाव में भी बड़े बदलाव आ रहे हैं। गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के बिजनेस गोदरेज इंटेरियो की होमस्केप्स स्टडी ने इसी बदलाव की नब्ज पर अंगुली रखी है। इस स्टडी ने उजागर किया है कि कैसे घर की सजावट लोगों के व्यक्तित्व और पसंद की अनूठी अभिव्यक्ति बन रही है। यह स्टडी घरों और व्यक्तिगत विकास के बीच आंतरिक संबंध को रेखांकित करती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है, जो पारंपरिक गृहिणी से सशक्त गृह–स्वामिनी बन गई है, जैसा कि एनारॉक द्वारा हाल में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है। अध्ययन से पता चलता है कि सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत संपत्ति चाहने वाली महिलाएं 25-35 वर्ष की आयु सीमा में आती हैं, अतिरिक्त 41 प्रतिशत 35-45 आयु वर्ग में आती हैं। गोदरेज इंटेरियो होमस्केप्स स्टडी के महिला दिवस संस्करण के निष्कर्षों में महिलाओं के व्यवहार में दिलचस्प बदलाव, पर्सनल स्पेस के महत्व और उनके विकास के साथ इसके संबंध पर जोर का खुलासा हुआ। स्टडी के जरिए भारत में महिलाओं की बढ़ती करियर आकांक्षाओं और सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला गया। स्टडी के अनुसार, 42 प्रतिशत महिलाओं ने होम वर्कस्टेशन स्थापित किया है, जो पुरुषों के लिए दर्ज 36 प्रतिशत से अधिक है। इस प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड स्वप्निल नागरकर ने कहा, होमस्केप्स स्टडी के निष्कर्ष व्यक्तियों, उनके परिवारों और उनके घरों के बीच गहरे भावनात्मक संबंध को रेखांकित करते हैं। हमारा अध्ययन महिलाओं के जीवन के एक महत्वपूर्ण पहलू यानी उनकी पहचान के प्रतिबिंब के रूप में उनके घर के संबंध में उनकी भावनाओं पर प्रकाश डालता है। सर्वेक्षण से मिले आंकड़े बता रहे हैं कि सामाजिक-आर्थिक प्रगति ने महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनाया है।

### ओपनएआई के बोर्ड में सैम आल्टमैन की वापसी, कुछ महीने पहले गलत तरीके से नौकरी से निकाला गया था




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैम आल्टमैन की एआई कंपनी ओपनएआई के बोर्ड में वापसी हो गई है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कुछ महीने पहले ही सैम आल्टमैन को ओपनएआई के बोर्ड और सीईओ पद से नाटकीय घटनाक्रम के तहत हटा दिया गया था। हालांकि काफी हंगामे के बाद सैम आल्टमैन की ओपनएआई के सीईओ पद पर फिर से वापसी हुई और अब बोर्ड में भी आल्टमैन की वापसी हो गई है। कंपनी ने बयान जारी कर ये भी बताया है कि आंतरिक जांच में पता चला है कि सैम आल्टमैन को गलत तरीके से नौकरी से निकाला गया था। आल्टमैन के साथ तीन अन्य लोगों को भी ओपनएआई के बोर्ड में शामिल किया गया है। इनमें बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के पूर्व सीईओ सु डेसमंड हेलमेन, सोनी एंटरटेनमेंट के पूर्व अध्यक्ष निकोल सेलिगमेन और इंस्टाकार्ट के सीईओ फिजी सिमो शामिल हैं।

# बिटकॉइन ने रचा इतिहास, पहली बार 70,000 डॉलर के पार पहुंची कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में रौनक देखने को मिल रही है। दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन पिछले कुछ समय से लगातार नई-नई ऊंचाई छू रही है। अब बिटकॉइन ने रिकॉर्ड हाई पर पहुंच कर इतिहास रच दिया है। बिटकॉइन ने पहली बार 70 हजार डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की लॉन्चिंग के बाद से ही बिटकॉइन की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। साल 2024 में बिटकॉइन की कीमत 50 फीसदी बढ़ी है। दुनिया की तमाम प्रमुख वर्चुअल करेंसीज में इजाफा देखने को मिल रहा है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर बिटकॉइन के अलावा दुनिया की दूसरी कौन-कौन सी क्रिप्टोकरेंसी में इजाफा देखने को मिल रहा है।



### बिटकॉइन के दाम 70 हजार डॉलर के पार

बिटकॉइन के दाम शुक्रवार देर शाम 70 हजार डॉलर के पार चले गए हैं। कारोबारी सत्र के दौरान बिटकॉइन की कीमत 70,136.33 डॉलर के साथ रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई। वैसे बीते 24 घंटे के अंदर बिटकॉइन के दाम 66,238.45 डॉलर पर भी पहुंचे। मौजूदा समय यानी शनिवार (9 मार्च) को बिटकॉइन की कीमत 0.09 फीसदी की तेजी के साथ 68,390.23 डॉलर पर कारोबार कर रही है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में बिटकॉइन की कीमत में और भी इजाफा देखने को मिलेगा।

### क्यों आई तेजी

जानकारों की मानें तो नए अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज-ट्रेडेड क्रिप्टो प्रोडक्ट्स की निवेशकों में डिमांड ज्यादा बढ़ गई है। साथ अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं देखने को मिल रही है जिसकी वजह से क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में तेजी का फ्लो बना हुआ है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में ये फ्लो बना हुआ दिखाई दे सकता है। अगले दो महीनों बिटकॉइन की कीमत 75 हजार डॉलर के भी पार जा सकती है। वैसे संभावना जताई जा रही है कि साल के अंत तक बिटकॉइन कीमत एक लाख डॉलर को भी टच कर सकती है।

## महिला संचालित स्टार्टअप को रकम जुटाने में हो रही परेशानी, 6 हजार कंपनियां नहीं कर पाईं फंडरेजिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में महिला संस्थापकों वाली 8 हजार से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों ने अब तक कुल मिलाकर करीब 23 अरब डॉलर की रकम जुटाई है। ट्रैक्शन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा करीब 6 हजार कंपनियां ऐसी हैं जिसने कोई रकम नहीं जुटाई है। उनमें से 590 कंपनियों का राजस्व 30 हजार डॉलर से अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी फिलहाल 18 फीसदी से अधिक है और रकम जुटाने वाली कंपनियों हिस्सेदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। इसके बावजूद देश में महिलाओं के नेतृत्व वाली स्टार्टअप कंपनियों द्वारा जुटाई गई फंडिंग की हिस्सेदारी बीते एक दशक में बढ़ी है, जो साल 2020 से 2022 तक भारत में कुल स्टार्टअप फंडिंग का 15 फीसदी से अधिक है।

# टाटा का शेयर 4 दिन में 36 प्रतिशत चढ़ा

**अब ग्रुप का प्लान निवेशकों को देगा झटका!**

**ईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के कई कंपनियों के शेयरों में धुंआधार तेजी देखने को मिली थी। लेकिन यह रफ्तार अगले हफ्ते फिकी पड़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबकि टाटा संस आईपीओ लाने से बचने की कोशिश कर रहा है। इसका बुरा असर टाटा केमिकल्स पर सबसे अधिक पड़ेगा। बता दें, 4 दिन में टाटा केमिकल्स के शेयरों में 36 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। बुलेट ट्रेन की तरह भाग रहा है रेलवे का यह शेयर, कंपनी को मिला 1900 करोड़ रुपये का काम



### क्या है मामला

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के तहत टाटा संस को सितंबर 2025 तक लिस्ट होना होगा। समूह इससे बचने की कोशिश कर रहा है। ईकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास टाटा संस ने याचिका भी दायर की थी। लेकिन लिस्टिंग से बचने वाली इस याचिका को रिजर्व बैंक रद्द कर दिया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार लिस्टिंग से बचने के लिए टाटा संस अपने बैलेंस शीट का रिस्ट्रक्चर करने के विकल्प तलाश रहा है। यदि कर्ज को चुका कर लोन को रिस्टक्चर करने में टाटा संस सफल रहा और टाटा कैपिटल में अपनी होल्डिंग को किसी अन्य यूनिट में ट्रांसफर करता है तो ऐसी स्थिति में उसे एक इनवेस्टमेंट या अपर लेयर के तौर पर डिरजिस्टर्ड किया जा सकेगा। इससे समूह लिस्टिंग लाने से बच जाएगा।

### टाटा के इन कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी

इस पूरे घटनाक्रम से जिस कंपनी पर सबसे बुरा असर पड़ सकता है वह टाटा केमिकल्स है। मौजूदा समय में टाटा केमिकल्स की कुल हिस्सेदारी टाटा संस में 3 प्रतिशत की है। बता दें, पिछले हफ्ते ऑटोमोबाइल कॉरपोरेश ऑफ गोवा, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन, रेलीज इंडिया, टाटा पॉवर कंपनी के शेयरों में क्रमशः 33 प्रतिशत, 28 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और टाटा पॉवर के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, टाटा ग्रुप की तरफ से टाटा संस के आईपीओ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद लोगों ने पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के शेयरों को खरीदने लगे थे।

# प्याज की बढ़ती कीमत को कंट्रोल करने के लिए सरकार ने बनाया प्लान!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी।



खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था। इसमें से एक लाख टन अभी भी उपलब्ध है। सूत्रों ने कहा कि अपने 'बफर स्टॉक से रियायती दर पर प्याज बेचने के सरकार के फैसले से कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिली है। सरकार इस महीने के अंत में प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर फैसला लेगी। यह रोक 31 मार्च तक है। सरकार की बफर स्टॉक बनाने की योजना 2023-24 में प्याज के उत्पादन में गिरावट के अनुमान के बीच आई है। कृषि मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, ''प्याज का उत्पादन 2023-24 में लगभग 254.73 लाख टन होने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल यह लगभग 302.08 लाख टन था। महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान 3.12 लाख टन की उपज कम होने से कुल उत्पादन में यह गिरावट आने की आशंका है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में प्याज का उत्पादन 316.87 लाख टन रहा था।

## अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया दक्षिण एशिया में पहला जैप एक्स, ब्रेन ट्यूमर केयर उपचार में लाएगा क्रांति

**मुंबई, एजेंसी।** महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव है। यह एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से मुमकिन हुआ है जिसे पूरे दक्षिण एशिया में पहली बार भारत में अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया है। 30 मिनट के सत्र में मरीज को इस प्रक्रिया के तहत न कोई दर्द और न किसी तरह का दुष्प्रभाव होने वाला है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने जैप-एक्स जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म का अनावरण किया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह दक्षिण एशिया में पहली बार उपलब्ध हुई है। जैप एक्स के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए नवाचार और प्रतिबद्धता की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है।

# भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं उद्यमशीलता की राह तलाश रही हैं

**पेनीयरबाय वीमेन फिनांशियल इंडेक्स की रिपोर्ट**

**रिपोर्ट का चौथा संस्करण 2023-24 में खुदरा स्टोर पर महिलाओं की वित्तीय खपत का विस्तृत विश्लेषण पेश करता है**

**मुंबई, एजेंसी।** देश में 50 लाख से अधिक खुदरा टचप्वाइंट वाले अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनीयरबाय के सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, जो वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की तीव्र इच्छा को दर्शाती है। यह बात, खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा वित्तीय खपत को दर्शाने वाली अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट, पेनीयरबाय वीमेन फाइनेंशियल इंडेक्स (पीडब्ल्यूएफआई) के अंग के रूप में साझा की गई थी। कंपनी ने देश में 5,000 से अधिक खुदरा स्टोरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें वहां दिखे महिला उपभोक्ताओं के वित्तीय लेन-देन को रिकॉर्ड किया गया। रिपोर्ट में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की प्राथमिकता पर रोशनी डाली गई, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक महिला ग्राहक नकद निकासी के लिए एईपीएस का विकल्प चुनती हैं। नकद लेन-देन का पसंदीदा तरीका बना हुआ है, 48 प्रतिशत महिलाएं इसके पक्ष में हैं, आधार-आधारित लेनदेन और यूपीआई क्यूआर कोड दहाई अंक में प्रगति पर हैं। इस खंड में कार्डों की उपस्थिति न्यूनतम बनी हुई है। विशेष रूप से, 18-30 साल की आयु की महिलाएं, उसके बाद 31-40 वर्ष की महिलाएं, डिजिटल रूप से सबसे अधिक कुशल हैं, जो वित्तीय लेनदेन के प्रति एक मज़बूत रुझान दिखाती हैं। दिलचस्प बात यह है कि 41 प्रतिशत महिलाओं ने उल्लेख किया कि वे अपने फोन पर किसी भी भुगतान ऐप का उपयोग नहीं करती हैं।पेनीयरबाय खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा प्राप्त की जाने वाली शीर्ष तीन सेवा है, नकद निकासी, मोबाइल रिचार्ज और बिल भुगतान। सबसे आम निकासी सीमा 1000-2500 के बीच है, जबकि ईएमआई भुगतान आमतौर पर 500-1000 के बीच है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं के पास जन-धन बचत खाते हैं जिनका उपयोग मुख्य रूप से नकद निकासी के लिए किया जाता है। 25 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने स्वीकार किया कि उनके बैंक खाते उनके बजाय उनके पति संभालते हैं।

शीर्ष तीन बचत लक्ष्यों में, बच्चों की शिक्षा शीर्ष पर है, इसके बाद बीमारी से जुड़ी आपातकालीन परिस्थिति और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का स्थान है। 54 प्रतिशत महिलाओं ने मासिक बचत के लिए अपनी पसंदीदा सीमा 750-1000 बताई, जो वित्तीय नियोजन के प्रति उनके दृष्टिकोण को उजागर करती है। केवल 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने लंबी अवधि में एक कोष जमा करने के लिए 1500 से अधिक की बचत करना पसंद किया। 71 प्रतिशत महिलाओं ने 3-5 साल के बीच बचत अवधि के साथ अल्पकालिक निवेश के प्रति अधिक झुकाव प्रदर्शित किया। रिपोर्ट में निवेश विविधीकरण की दिशा में मामूली लेकिन उल्लेखनीय रुझान देखा गया है, विशेष रूप से आवर्ती और निश्चित लक्ष्य-आधारित जमा में। यह वैकल्पिक निवेश मार्गों के बारे में महिलाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है, जो वित्तीय प्रबंधन और धन सृजन में बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

# गोदरेज एप्लायंसेज ने डिजाइन में इनोवेशन करते हुए वुडन-फिनिश, प्रकृति से प्रेरित एसी और रेफ्रिजरेटर लॉन्च किए

**अपने प्रीमियम सेगमेंट के हिस्से को 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करना और एक मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ समर ग्रोथ को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना ब्रांड का लक्ष्य**

### क्यूरेटेड एक्सेसरीज और होम डिजाइन गाइड के लिए इंडिया सर्कस के कृष्णा मेहता के साथ सहयोग उपभोक्ताओं के अनुभव को बनाएगा और बेहतर

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के एक हिस्से गोदरेज एप्लायंसेज ने प्रकृति से प्रेरित वुडन-फिनिश घरेलू उपकरणों की एक नई सीरीज ईऑन वोग लॉन्च की है। एडवांस रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर वाली यह सीरीज कला और तकनीक का एक अनूठा मेल है जो आज के जमाने के भारत में उपयोगिता के साथ–साथ घर की सजावट में भी चार चांद लगाती है।

ब्रांड द्वारा भारतीय घरों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 70 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि उन्हें ऐसे एप्लायंसेस के विकल्प अधिक पसंद आते हैं जो उनके घर की सजावट के लिए भी अच्छे हों। आधे से अधिक लोगों ने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके




घरों में सबकुछ अच्छे से मेल खाने वाला होना चाहिए।

नए लॉन्च के बारे में बोलते हुए गोदरेज एप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी ने कहा, खर्च के लिए बढ़ती आय और आसानी से लोन मिलने को देखते हुए औसतन अब तीस के दशक में लोग अपना घर बना रहे हैं। ऐसे युवा भारतीय उपभोक्ताओं अपने घर की सजावट को लेकर भी बहुत सजग है। ये मानते हैं कि उनके घर की सजावट में सबकुछ मैचिंग वाला होना चाहिए। यहां तक कि उन्हें रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एप्लायंसेस भी घर की सजावट के साथ मैच करने वाले चाहिए होते हैं लेकिन ऐसा करने में उन्हें दिक्कत आ रही है। दरअसल, आज के जमाने में उपयोगिता के साथ सुंदरता भी खरीद का प्रमुख चालक है। इसी बात को हमने ध्यान में रखा है। गोदरेज एप्लायंसेज के थिंग मेड थॉटफुल दर्शन के अनुरूप ब्रांड ने नेचर इंस्पायर्ड, वुड-फिनिश रेंज के एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर की अपनी अनूठी पेशकश गोदरेज ईऑन वोग सीरीज के साथ एक बार फिर इस मांग को पूरा करने के लिए इनोवेशन किया है। अन्य प्रीमियम लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य अपने प्रीमियम सेगमेंट योगदान को 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करना और एक मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ समर ग्रोथ को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना है। डिजाइन के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए गोदरेज एप्लायंसेज के डिजाइन हेड कमल पंडित ने कहा, हमने अपने तेजी से बदलते शहरों को बड़ी बहुमंजिला इमारतों के साथ अकेले घरों की जगह लेते हुए देखा और उपभोक्ताओं को प्रकृति से दूर होते देखा। उपभोक्ताओं को अपने घरों की डिजाइन में बदलाव का अनुभव करवाने और अपनाने में सहायता करने के लिए ब्रांड ने एक कस्टमाइज्ड होम डिजाइन गाइड के लिए इंडिया सर्कस के फाउंडर और डिजाइन डायरेक्टर कृष्णा मेहता के साथ सहयोग करते हुए विभिन्न होम डेकोर स्टाइल और विशेष रूप से क्यूरेटेड नई ईऑन वोग सीरीज का प्रदर्शन किया है। पहले एक हजार ग्राहकों के लिए प्रकृति से प्रेरित इंडियन सर्कस एक्सेसरीज 1999/- रुपए तक की कीमत पर उपलब्ध है।

लॉन्च पर बोलते हुए इंडिया सर्कस के फाउंडर और डिजाइन डायरेक्टर कृष्णा मेहता ने कहा, गोदरेज एप्लायंसेज की नई वुड-फिनिश रेंज भारत में सजावट की दुनिया में एक स्वागत योग्य नया कदम है। मैं डिजाइन में नेचर-इंस्पार्यड एलिमेंट जोड़ने की सराहना करता हूं और आप इसे इंडिया सर्कस डिस्प्ले में भी देख सकते हैं। लकड़ी एक नेचर फिनिश होने के कारण बहुमुखी है, विभिन्न सजावट शैलियों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है।

गोदरेज ईऑन वोग सीरीज के रेफ्रिजरेटर ओक और अखरोट के दो रंगों में 272 लीटर और 244 लीटर क्षमता में उपलब्ध हैं और ग्राहकों के लिए 27,000 - 32,000 रुपए की रेंज में उपलब्ध होंगे।

## प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का आईपीओ 11 मार्च 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत में तेल और गैस वितरण कंपनियों को एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय में एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग कंपनी है, जिसने 2014 में स्थापित व्यवसाय में लगभग एक दशक सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। कंपनी विभिन्न कार्य कर रही है, जिसमें गैस पाइपलाइन परियोजनाएं और सभी पाइपलाइन गतिविधियां जैसे मेनलाइन वेल्डिंग, टाई-इन, कोटिंग, हाइड्रो परीक्षण और पाइपलाइन प्रबंधन शामिल हैं। कंपनी के प्रमुख ग्राहकों में इंडियन ऑयल, साबरमती गैस, गुजरात गैस, सनपेट्रो केमिकल्स, गेल (इंडिया), जीएसपीएल, बीपीसीएल शामिल हैं। कंपनी के पास लगभग रु. 13,184.10 लाख की हमारी प्रमुख पूर्ण परियोजनाओं के साथ 12 से अधिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया। 8 प्रमुख परियोजनाएं चल रही हैं जिनमें से 7 परियोजनाओं की लागत लगभग रु. 29,666.33 लाख की है। अहमदाबाद में मुख्यालय वाली कंपनी में 750+ कर्मचारी हैं।

प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रमोटर श्री प्रतीक कुमार मगनलाल वेकारिया (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) और श्री नयनकुमार मनुभाई पंसुरिया (पूर्णकालिक निदेशक) हैं, दोनों के पास व्यवसाय में 16 वर्षों का समृद्ध अनुभव है।

पब्लिक इस्यूकी साइझ रु. 36 करोड़ है और 48,00,000 इक्विटी शेयर, राशि रु. 10 प्रत्येक और रुपये का मूल्य बैंड। 71-75 तक उपलब्ध है। यह इश्यू 11 मार्च, 2024 को खुलता है और 13 मार्च, 2024 को बंद होता है। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू खुलने की तारीख 07 मार्च, 2024 है एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित इक्विटी शेयर 13,66,400 हैं। बाजार निर्माता की हिस्सेदारी 2,40,000 इक्विटी शेयर होगी। 6,84,800 इक्विटी शेयर एचएनआई के लिए और 9,12,000 इक्विटी शेयर क्यूआईबी के लिए आरक्षित हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया

## धर्मशाला टेस्ट के साथ सीरीज 4-1 से जीती, गिल-रोहित की सेंचुरी, अश्विन को 9 विकेट





**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली। एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पहली पारी में इंग्लैंड 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरी पारी में 259 रन की बढ़त मिली, इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है।

**टीम इंडिया ने बनाया रिकॉर्ड –** धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों की बराबरी की है। दरअसल, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला टेस्ट हारने के बाद अब तक तीन ही टीमों ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मैच जीते हैं। कुल मिलाकर ऐसा चार बार हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने दो बार ऐसा किया है और इंग्लैंड-भारत ने एक-एक बार किया है। इस सीरीज से पहले पिछली बार ऐसा 112 साल पहले इंग्लैंड ने किया था। उन्होंने 1912 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लिश टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी के चार मुकाबले जीते थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा-1897/98 में और 1901/02 में किया था।

### धर्मशाला टेस्ट जीतते ही भारत ने रचा इतिहास, 112 साल पहले बने इस बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला रोहित एंड कंपनी ने पारी और 64 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमाया। धर्मशाला में पांचवां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया ने एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। दरअसल, भारत को पहले टेस्ट में करारी हार मिली थी और इसके बाद रोहित एंड कंपनी जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी चारों मैच जीते। भारत ने तीसरी बार टेस्ट सीरीज में चार मैच जीते हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने 2012-13 में ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से और 2016-17 में इंग्लैंड को 4-1 से हराया था।

- **पिछले 112 साल में पहली बार हुआ ऐसा** – अब भारत ने इन दोनों टीमों की बराबरी की है। टीम इंडिया पिछले 112 वर्षों में ऐसी पहली टीम बन गई है जिसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज के बाकी बचे चार टेस्ट जीते। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने जबरदस्त वापसी करते हुए विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से, राजकोट में तीसरा टेस्ट 434 रन से और फिर रांची में चौथा टेस्ट पांच विकेट से अपने नाम किया। धर्मशाला टेस्ट को टीम इंडिया ने तीन दिन में ही खत्म कर दिया।
- **भारत ने 17वीं टेस्ट सीरीज जीती** – भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है, जो कि एक रिकॉर्ड है। जीत का यह सिलसिला 22 फरवरी 2013 से अब तक जारी है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 1994 से लेकर 2001 तक अपने घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती थी। भारत ने सातवीं बार टेस्ट में सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज अपने नाम की है। कप्तान स्टोक्स और कैच ब्रैंडन मैकुलम के साथ आने के बाद इंग्लैंड की यह पहली टेस्ट सीरीज हार है। भारत ने बैजबॉल को ध्वस्त कर दिया है। बैजबॉल इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट स्टाइल को कहा जाता है।

# हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट डायरेक्टर का पद छोड़ा

- टीम टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं पहुंच सकी; 3 महीने पहले हटे थे कोच



**मसाकाद्ज़ा की लीडरशिप में टीम ने 2022 का वर्ल्ड कप खेला**

मसाकाद्ज़ा 2019 से 2024 तक जिम्बाब्वे क्रिकेट के डायरेक्ट रहे। इस दौरान टीम ने 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई किया। टीम सुपर-12 स्टेज में पहुंची और पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज के मुकाबले में मात भी

**हरारे (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट के डायरेक्टर का पद छोड़ दिया है। उनकी टीम 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, इसीलिए मसाकाद्ज़ा ने यह फैसला लिया। 3 महीने पहले टीम के कोच डैव हटन ने भी अपना पद छोड़ दिया था।मसाकाद्ज़ा ने 2019 में क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था। उन्हें फिर इसी साल अक्टूबर में डायरेक्टर का पद सौंप दिया गया।

**युगांडा से हारना निराशाजनक–** मसाकाद्ज़ा ने अपने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा, मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट की सक्सेस और असफलता को देखने के बाद बहुत ध्यान से पद छोड़ने का फैसला किया। मेरे करियर में टीम को सफलता मिली लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना निराशाजनक है। हम एकमात्र फुल मेंबर टीम है, जो टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी। युगांडा के खिलाफ हारना टीम और मेरे करियर का सबसे खराब फेज है। मैं इस बात की पूरी जिम्मेदारी लेकर अपने पद को छोड़ता हूं।युगांडा ने जिम्बाब्वे को अफ्रीकन क्वालिफायर में हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया।

# बीसीसीआई ने टेस्ट फीस में की तीन गुणा बढ़ौतरी

## एक सीजन में 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ी को एक मैच के 45 लाख मिलेंगे: जय शाह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने युवा खिलाड़ियों में टेस्ट क्रिकेट के प्रति ललक बढ़ाने के लिए टेस्ट फीस में बढ़ौतरी का ऐलान कर दिया है। इसके तहत 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' शुरू की गई है जिसमें प्रत्येक सीजन 7 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले प्लेयरों को 45 लाख रुपए प्रति मैच तक दिए जाएंगे। पहले भारतीय क्रिकेटरों को एक टेस्ट खेलने पर 15 लाख रुपए दिए जाते थे। ऐसे में नई स्कीम के तहत रैगुलर टेस्ट खेलने वाले क्रिकेटरों को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। खास तौर पर वह क्रिकेटर जोकि सिर्फ टेस्ट क्रिकेट ही खेलते हैं। बीसीसीआई को उम्मीद है कि इससे युवा क्रिकेटरों में टेस्ट क्रिकेट के प्रति भी प्यार बढ़ेगा। जय शाह ने लिखा- मुझे वरिष्ठ पुरुषों के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हमारे सम्मानित एथलीटों को वित्तीय विकास और स्थिरता प्रदान करना है। 2022-23 सीज़न से शुरू होकर, 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' टेस्ट मैचों के लिए 15 लाख रुपए की मौजूदा मैच फीस के ऊपर एक अतिरिक्त इनाम संरचना के रूप में काम करेगी।

स्कीम के तहत अगर कोई क्रिकेटर सीजन में 4 या इससे कम टेस्ट खेलता है तो उसे निश्चित भुगतान के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया जाएगा। चाहे वह प्लेइंग 11 में हो या न हो। अगर क्रिकेटर सीजन में 5 से 6 मुकाबले खेलता है तो प्लेइंग 11 में आने पर उसे 30 लाख रुपए मिलेंगे। अगर प्लेइंग 11 में नहीं है तो 15 लाख रुपए। अगर कोई क्रिकेटर सीजन में 75 फीसदी से ज्यादा मैच यानी कम से कम 7 टेस्ट खेलता है तो उसे प्लेइंग 11 में आने पर प्रति टेस्ट 45 लाख रुपए तो प्लेइंग 11 में न होने पर 22.5 लाख रुपए प्रति मैच दिए जाएंगे।

### श्रेयस अय्यर, ईशान किशन ने किया मजबूत

बीसीसीआई को मैच फीस में बढ़ौतरी का फैसला श्रेयस अय्यर, ईशान किशन जैसे क्रिकेटरों के कारण भी लेना पड़ा। श्रेयस और ईशान टेस्ट क्रिकेट खेलने से लगातार हिचकिचा रहे थे। ईशान तो साऊथ अफ्रीका के टेस्ट दौरे से ही वापस आ गए थे तो वहीं, श्रेयस ने फिट घोषित होने के बावजूद भी रणजी क्वार्टरफाइनल नहीं खेला था। इससे नाराज बीसीसीआई ने दोनों क्रिकेटरों को सालाना अनुबंध से भी बाहर कर दिया था।

### बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट

**ए प्लस ग्रेड –** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविन्द्र जडेजा

**ए ग्रेड –** आर अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या

**ग्रेड बी –** सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जयसवाल


**ग्रेड सी –** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान और रजत पाटीदार।

# 100वें टेस्ट में अश्विन ने रचा इतिहास

## ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने, कुंबले को पीछे छोड़ा

**धर्मशाला (एजेंसी)।**

अश्विन ने सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज सर रिचर्ड हैडली की बराबरी की। अब अश्विन से ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में शेन वॉर्न (37 बार) और श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (67 बार) आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इतिहास रच दिया। उन्हेंने इंग्लिश टीम की दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। अश्विन ने बेन डकेट (2) को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया था। इसके बाद उन्होंने जैक क्राउली (0) और फिर ओली पोप (19) को आउट कर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को पवेलियन भेजा। फिर उन्होंने बेन स्टोक्स और बेन फोक्स को आउट कर पारी में पांच विकेट पूरे किए। टेस्ट में उन्होंने अब तक 36 बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। वह भारत की ओर से टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने 35 बार ऐसा किया था।



**WTC में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | पारी में पांच विकेट |
|---|---|
| आर अश्विन (IND) | 10 |
| नाथन लायन (AUS) | 10 |
| पैट कमिंस (AUS) | 8 |
| जसप्रीत. बुमराह (IND) | 7 |
| जोश हेजलवुड (AUS) | 6 |

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| प्लेयरमैच | पारी में | पांच विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका) | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न (आस्ट्रेलिया) | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली (न्यूजीलैंड) | 86 | 36 |
| आर अश्विन (भारत) | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले (भारत) | 132 | 35 |
| रंगना हेराथ (श्रीलंका) | 93 | 34 |
| जेम्स एंडरसन (इंग्लैंड) | 187* | 32 |

**भारत-इंग्लैंट टेस्ट सीरीज**

# शोएब बशीर ने यूनीक तो टॉम हार्टली ने शर्मनाक रिकॉर्ड किया अपने नाम

**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सीरीज के तहत भारत के खिलाफ अहम टेस्ट सीरीज 1-4 से गंवा दी है। बैजबॉल शैली लेकर खेलने आए इंग्लैंड के क्रिकेटर भारतीय पिचों पर बेबस रहे। भारत के स्पिनर ही नहीं बल्कि तेज गेंदबाजों ने भी इंग्लैंड पर अपना प्रभाव जमाए रखा और सीरीज जीत ली। इस सीरीज जीत के साथ ही भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पहले नंबर पर आ गया है। यह टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के दो युवा गेंदबाजों के लिए यादगार रहेगी क्योंकि एक ने जहां यूनीक रिकॉर्ड अपने नाम किया तो दूसरे ने शर्मनाक रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया।

शोएब बशीर ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में शानदार गेंदबाजी की थी। ऐसा कर वह इंग्लैंड की ओर से 21 साल की उम्र में 2 फाइफर हासिल करने वाले पहले अंग्रेजी गेंदबाज बन गए। बशीर ने धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन के पहले सत्र के दौरान अपना अर्धशतक दर्ज किया। उन्होंने कुल 46.1 ओवर फेंके, जहां उन्होंने अपने स्पेल में 173 रन दिए और 5 मेडन ओवर फेंके। स्पिनर ने यशस्वी जयसवाल, देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और जसप्रीत बुमराह के विकेट लिए। बशीर के अलावा, 21 साल की उम्र में फाइफ़र लेने वाले खिलाड़ी बिल वोस (1), जेम्स एंडरसन (1) और रेहान अहमद (1) हैं।

# उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नें जीता प्राग मास्टर्स शतरंज का खिताब

**प्राग , चेक गणराज्य (एजेंसी)।** प्राग मास्टर्स शतरंज 2024 का खिताब आखिरकार उज़्बेक्सितान के



अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक नें अपने नाम कर लिया । अब्दुसत्तारोव नें अंतिम राउंड में रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट के खिलाफ आसानी से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , उनकी यह जीत कितनी बड़ी रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्होने 5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर रहे भारत के आर प्रज्ञानन्दा , ईरान के परहम मघसूदलू और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से कुल 1.5 अंक ज्यादा बनाए ।

अब्दुसत्तारोव नें 9 राउंड के बाद 2873 रेटिंग के प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 15 अंक जोड़ते हुए लाइव रेटिंग में 2765 अंक हासिल करते हुए विश्व रैंकिंग में चौंथा स्थान हासिल कर लिया है और फिलहाल 19 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने खेल जीवन की सर्वोच्च रैंकिंग पर है । अंतिम राउंड में भारत के प्रज्ञानन्दा नें चेक गणराज्य के डेविड नवारा से , डी गुकेश नें ईरान के परहम मघसूदलू से और विदित गुजराती नें और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से ड्रॉ खेला । अन्य खिलाड़ियों में भारत के डी गुकेश , चेक गणराज्य के डेविड नवारा और रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट नें 4.5 अंक , पोलैंड के मार्टेस बार्तेल और जर्मनी के विंसनेट केमर नें 3.5 अंक और भारत के विदित गुजराती नें 3 अंक बनाए ।

# ऑस्ट्रेलिया को 256 रन पर सिमेटकर न्यूजीलैंड ने की मजबूत शुरूआत

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** क्राइस्टचर्च के मैदान पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीमों के बीच खेला जा रहा दूसरा टेस्ट रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन ही बना पाई थी। जिसके बाद मैट हैनरी ने सात विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को भी 256 तक रोक दिया। अब मैच के दूसरे दिन स्टंप तक न्यूजीलैंड ने दो विकेट के नुकसान पर 134 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और केन विलियमसन अर्धशतकीय पारियां खेलने में सफल रहे। उनके पास अभी 40 रन की लीड है।

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी** – पहली पारी में पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में मजबूत शुरूआत की। हालांकि न्यूजीलैंड ने जल्द ही विल यंग का विकेट गंवा दिया लेकिन टॉम लैथम और केन विलियमसन ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर स्कोर 100 पार करवा दिया। टॉम लैथम ने जहां 154 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 65 रन बनाए तो वहीं, विलियमसन ने 107 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 51 रन बनाए। क्रीज पर अभी रचिन रवींद्र 11 रन बनाकर मौजूद हैं।

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी – 124-4 (36 ओवर)** – ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत भी सधी हुई रही। ओपनर स्टीव स्मिथ 11 तो उसमान ख्वाजा 16 रन बनाकर आऊट हो गए। मार्नेस लाबुछेन ने एक छोर संभाला लेकिन कैमरून ग्रीन 25 तो ट्रेविस हेड 21 रन बनाकर आऊट हो गए। नाथन लियोन ने 20, मिशेल मार्च ने 0, एलेक्स कैरी ने 14, स्टार्क ने 54 गेंदों पर 28 तो कप्तान पैट कमिंस ने 23 रन बनाकर स्कोर 256 तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हैनरी ने 23 ओवरों में 67 रन देकर 7 विकेट हासिल कीं।

**न्यूजीलैंड पहली पारी = 162-10 (45.2 ओवर)** – न्यूजीलैंड को टॉम लैथम और विल यंग ने सधी हुई शुरूआत दी थी। लैथम ने 69 गेंदों पर जहां 38 रन बनाए तो विल यंग 14 रन बनाकर आऊट हो गए। केन विलियमसन 17, रचिन रवींद्र 4 तो डेरिल मिशेल 4 रन बनाकर आऊट हो गए। टॉम ब्लंडल 22 रन बनाए लेकिन ग्लेन फिलिप्स 2 तो कुग्गेलिन 0 पर ही आऊट हो गए। इसके बाद मैट हैनरी ने 28 गेंदों पर 29 तो कप्तान टिम साऊदी ने 20 गेंदों पर 26 रन बनाकर स्कोर 162 तक पहुंचाया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** – टॉम लैथम, विल यंग, ??केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, स्कॉट कुगलेइजन, मैट हेनरी, टिम साउदी (कप्तान), बेन सियर्स।

**ऑस्ट्रेलिया** – स्टीवन स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

# यूपी ने दिल्ली को एक रन से हराया

- लगातार चार जीत के बाद हारी कैपिटल्स
- दीप्ति विमेंस प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी वॉरियर्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-2 में जीत के रथ में सवार दिल्ली कैपिटल्स पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यूपी की यह लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि दिल्ली की लगातार चार जीत के बाद पहली हार है। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स अब भी 8 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है।

अरुण जेटली मैदान पर यूपी वॉरियर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 137 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति शर्मा को दोहरे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने हैट्रिक हासिल ली और 59 रन की पारी भी खेली। वे इस लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनी हैं।

**मैच के दो रिकॉर्ड** – दीप्ति शर्मा के नाम सीजन की पहली हैट्रिक दीप्ति शर्मा विमेंस प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनी हैं। वे ऐसा करने वाली लीग की दूसरी गेंदबाज हैं। इजाबेल वॉन्ग के नाम लीग की पहली हैट्रिक दर्ज है। वॉन्ग पिछले सीजन में मुंबई की ओर से यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ हैट्रिक ली थी। दीप्ति ने इस सीजन की पहली हैट्रिक ली। जेमिमा के 5 हजार टी-20 रन पूरे भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्ज के टी-20 क्रिकेट में 5 हजार रन पूरे हो गए हैं। जेमिमा ने यूपी के खिलाफ 15 बॉल पर 17 रन की पारी खेली। उन्होंने छक्का जमाकर 5 हजार रन पूरे किए।

**दिल्ली ने आखिरी 7 विकेट 25 रन बनाने में गंवाए** –139 रन का टारगेट चेज करने उतरी दिल्ली को 22 रन पर पहला झटका लगा। यहां शेफाली वर्मा 15 रन बनाकर आउट हुई। ऐसे में



कप्तान मेग लेनिंग ने 60 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा। हालांकि वे जीत नहीं दिला सकीं। लेनिंग 46 बॉल की पारी में 12 चौके जमाए। लेनिंग के बाद कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सकी। टीम ने आखिरी 7 विकेट 25 रन बनाने में गंवा दिए। यूपी की ओर से दीप्ति शर्मा ने चार विकेट चटकाए, जबकि ग्रेस हेरिस ने दो सफलताएं मिलीं।

**खराब रही यूपी की शुरुआत, 10 रन पर पहला विकेट** – टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 10 रन के स्कोर पर किरण नवगिरे (5 रन) के रूप में पहला विकेट गंवाया। यहां से कप्तान एलिसा हीली ने दीप्ति शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 बॉल पर 46 रन की साझेदारी करके स्कोर आगे बढ़ाया। हीली ने 29 और शर्मा ने 59 रन की पारी खेली। इस पार्टनरशिप को एलीस कैपसी ने हीली को आउट करके तोड़ा। हीली के आउट होने के बाद यूपी के विकेट गिरने लगे। दिल्ली से तितास साधु और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए। शिखा पांडे, अरुंधती रेड्?डी, जेस जोनासेन और एलीस कैपसी को एक-एक विकेट मिला।

### दोनों टीमों का फुल स्क्वॉड

**दिल्ली कैपिटल्स–** मेग लेनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्ज, एलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, लौरा हैरिस, मारिजैन कैप, मिन्नु मनी, पूनम यादव, राधा यादव, शेफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तानिया भाटिया, तितास साधु, एनाबेल सदरलैंड, अपर्णा मंडल और अश्वनी कुमारी

**यूपी वारियर्ज** –एलिसा हीली (कप्तान), अंजलि सर्वनी, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, चमारी अटापट्टू, लक्ष्मी यादव, पार्श्ववी चोपड़ा, राजेश्वरी गायकवाड़, यशश्री, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टन, ताहलिया मैक्ग्रा, डेनियल (डैनी) व्याट, वृंदा दिनेश, साइमा ठाकुर, पूनम खेमनार और गौहर सुल्ताना

# कुछ तो उठा चुके थे पत्थर; दिल्ली में जुमे की नमाज के बाद 4 घंटे चले बवाल की पूरी कहानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में शुक्रवार दोपहर सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को एक पुलिसकर्मी ने लात मारकर हटाने की कोशिश की। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। हालांकि, तत्काल पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया। पुलिसकर्मी की इस हरकत के बाद लोग भड़क गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते इंद्रलोक पुलिस चौकी को घेरकर नारेबाजी करने लगे। पूरे इलाके में करीब चार घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। आक्रोश और भीड़ बढ़ती देख पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई।

बड़ी मस्जिद में शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए लोग एकत्र थे। जब मस्जिद में भीड़ ज्यादा होती है तो लोग जखीरा से इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन जाने वाली सड़क पर भी नमाज अदा करने लगते हैं। इसलिए सड़क पर लोग नमाज पढ़ने लगे। इसी दौरान एसआई मनोज तोमर और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। उन्होंने नमाज पढ़ रहे लोगों से जाम का हवाला देकर मस्जिद में जाने को कहा, लेकिन कोई नहीं उठा। इससे नाराज होकर एसआई ने नमाजियों को लात मारनी शुरू कर दी। इस दौरान लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। आक्रोशित लोगों ने चौकी को घेरा वीडियो देखकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई । बड़ी संख्या में लोगों ने इंद्रलोक चौकी को घेर लिया और पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। इसकी वजह से कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने चौकी में प्रतिनिधिमंडल से बात की, लेकिन आक्रोशित भीड़ शांत होने का नाम नहीं ले रही थी। इस बीच भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने सार्वजनिक वाहनों पर पथराव भी किया। करीब शाम छह बजे यातायात सामान्य हो पाया। पुलिसकर्मियों को गश्त करने के निर्देश डीसीपी मनोज कुमार मीना खुद इंद्रलोक इलाके की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों को इलाके में गश्त करने के निर्देश हैं। पुलिस मुख्यालय में इंद्रलोक की स्थिति के बारे में समय-समय पर जानकारी दी जा रही है। लोगों से शांति की अपील की गई है। मदनी ने कहा, पुलिसकर्मी को सेवामुक्त किया जाए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर देश की छवि खराब होगी। मदनी ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर उक्त पुलिस अधिकारी को सभी जिम्मेदारियों से सेवामुक्त करने की मांग की है। तनाव को देखते हुए डीसीपी की ओर से तुरंत संबंधति पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की गई। साथ ही, जिले और थाने के पूर्व अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। इस जिले के दो साल डीसीपी रहे और वर्तमान में पूर्वी क्षेत्र के एडिशनल सीपी सागर सिंह कलसी ने इलाके का दौरा किया। हाल ही में बदले गए एसएचओ और पूर्व चौकी प्रभारी को भी शांति कायम करने के लिए बुलाया गया। अधिकारियों ने भीड़ में शामिल लोगों से बात कर उन्हें शांत कराया। जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सड़क पर नमाज से इस व्यस्त सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी। इस कारण लंबा जाम लग गया। लोगों ने पुलिस को शिकायत की तो चौकी इंचार्ज मनोज तोमर अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। इसके अलावा बीते शुक्रवार को कुछ लोग यहां टेंट लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए पुलिस को जब जाम की सूचना मिली तो वह कब्जे की आशंका से मौके पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के विद्रोह पर आधारित डैकत ऑफ़ धौलपुर का मुम्बई में हुआ प्रीमियर

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में इस शुक्रवार को रिलीज़ होने जा रही फ़िल्म डकैत ऑफ़ धौलपुर का बुधवार की रात को मुम्बई के अंधेरी में स्थित सिटी मॉल के पीवीआर सिनेमा में एक भव्य प्रीमियर का आयोजन किया गया था. इस ख़ास मौके पर फ़िल्म की पूरी स्टार कास्ट और क्रू के अलावा फ़िल्म इंडस्ट्री की दिग्गज हस्तियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. ग़ौरतलब है कि प्रीमियर में मौजूद सभी लोगों ने फ़िल्म देखने के बाद इसकी ख़ूब प्रशंसा की. एम/एस बाबा सिने एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति डकैत ऑफ़ धौलपुर के प्रीमियर का नज़ारा देखते ही बन रहा था. फ़िल्म से जुड़ा हर शख़्स बेहद ख़ुश नज़र आ रहा था. फ़िल्म की स्पेशल स्क्रिनिंग के मौके पर फ़िल्म के प्रमुख कलाकारों में फ़िल्म के हीरो, मनोज चतुर्वेदी, हीरोइन राधा अजमेरा, संतोष याग्निक, सुधीर शुक्ला जैसे तमाम कलाकार मौजूद थे. फ़िल्म के निर्देशक अफ़ज़ल ख़ान, संगीतकार लोकेश कुशवाह व हरीश शर्मा, गीतकार दिनेश परिहार, एसोसियट डायतेक्टर आशुतोष यादव ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. उल्लेखनीय है कि फ़िल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के मौके पर मीडिया जगत से जुड़े तमाम पत्रकार को भी विशेष रूप से फ़िल्म के मेकर्स ने आमंत्रित किया था.फ़िल्म डकैत ऑफ़ धौलपुर के एक्टर, राइटर और प्रोड्यूसर मनोज चतुर्वेदी ने फ़िल्म के स्क्रीनिंग पर मौजूद तमाम हस्तियों के मौजूद रहने और फ़िल्म के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए सभी शुक्रिया अदा किया और पत्रकारों का भी विशेष रूप से आभार जताया.

### रेलवे ने की दिल्ली से 6 स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा



नईदिल्ली, एजेंसी। होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इस कड़ी में छह विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। जल्द ही अन्य के परिचालन को लेकर भी अनुमति दी जा सकती है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से उधमपुर (शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन) के बीच विशेष रेलगाड़ी (04033/04034) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी आगामी 22 और 29 मार्च को उधमपुर के लिए चलेगी, जबकि 23 और 30 मार्च को यह गाड़ी उधमपुर से चलेगी। नई दिल्ली से कटरा के लिए विशेष रेलगाड़ी (04075/04076) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी 24 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक बुधवार और रविवार को चलेगी। वहीं, वापसी में कटरा से यह गाड़ी 25 से 1 अप्रैल के बीच प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को चलेगी। दोनों दिशाओं में यह गाड़ी कुल 6 फेरे लगाएगी। दिल्ली से बनारस के लिए विशेष रेलगाड़ी (04080/04079) द्वारा कुल 10 फेरे लगाए जाएंगे। दिल्ली से यह गाड़ी 21 से 30 मार्च के बीच सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। वहीं, बनारस से यह गाड़ी 22 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। नोएडा। मोरना स्थित नोएडा डिपो से होली पर विशेष बसें 20 मार्च से चलेंगी। बीते वर्षों की भीड़ को देखकर इस बार पहले से भी ज्यादा फेरे बसें लगाएंगी। दस दिन तक नोएडा डिपो से 24 घंटे बसें मिलेंगी। डिपो से लंबी दूरी की बसें भी चलाई जाएंगी। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि होली पर समीप स्थित शहरों की बसें तीन से चार और दूर के क्षेत्रों की बसें दो-दो अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। डिपो से प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के लिए बस की सुविधा दी जाएगी।

## गैंगस्टर काला जठेड़ी की हाई सिक्योरिटी वाली शादी, बारात में कमांडो के साथ 250 जवान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी की 'हिस्ट्रीशीटर' अनुराधा चौधरी उर्फ 'मैडम मिंज' के साथ 12 मार्च को होने वाली शादी के मद्देनजर दिल्ली के एक बारात-घर में सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किए जाएंगे। द्वारका सेक्टर तीन में स्थित बारात-घर 'संतोष गार्डन' को संदीप के वकील ने 51 हजार रुपये में बुक कराया है। शादी समारोह के दौरान स्वाट (स्पेशल वेपन एंड टेक्निक्स) कमांडो समेत 250 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस कर्मियों की टीम में स्पेशल सेल, अपराध शाखा और हरियाणा की अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के कर्मी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि संदीप के परिवार ने पुलिस के 150 मेहमानों की सूची साझा की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने संदीप के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए किसी भी घटना को रोकने के लिए एक रणनीति बनाई है। संदीप एक बार हरियाणा पुलिस की हिरासत से भाग चुका है और उसने दिल्ली पुलिस की हिरासत से अपने सहयोगी को भी भगाने की साजिश रची थी। संदीप पर सात लाख रुपये का इनाम था।

हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले संदीप को दिल्ली की एक अदालत से शादी के लिए छह घंटे की पेरोल मिली है। वह चौधरी से शादी करेगा जिसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदीप फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदीप 2020 में फरीदाबाद की एक अदालत में ले जाते समय हरियाणा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। उसके गिरोह के सदस्यों ने पुलिस को घेर लिया था और उनपर गोलीबारी की थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। अधिकारी ने कहा कि 2021 में, उसने अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी की और कुलदीप फज्जा नामक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस की हिरासत से छुड़ाने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि बाद में फज्जा को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। इसलिए तिहाड़ से लेकर द्वारका में विवाह स्थल तक पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संतोष गार्डन तिहाड़ जेल से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अदालत के आदेश के मुताबिक, संदीप को अपनी शादी के लिए सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक की पेरोल मिली। जोड़े को पारंपरिक रस्मों के लिए 13 मार्च को हरियाणा के सोनीपत के जठेड़ी गांव में उसके घर ले जाया जाएगा। पुलिस ने 'गैंगवॉर' की आशंका से भी इनकार नहीं किया है।

## कॉलेज नशे का एपीसेंटर, चौकी के पास मिलता है गांजा; स्टूडेंट ने पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में बताई सच्चाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत में पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें एक छात्र ने पुलिस को आइना दिखा दिया। उसने बेबाकी से पुलिस अधिकारी से कहा कि जब फर्स्ट या सेकेंड ईयर का बच्चा गांजे के डीलर क ट्रैक डाउन कर सकता है तो पुलिस क्यों नहीं कर पा रही है? आज गांजा या नशे का कोई भी सामान मिलना टॉफी-लॉलीपॉप जितना आसान हो गया है। छात्र के पुलिस से पूछे गए इन तीखे सवालों का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जहां यूजर्स छात्र की हिम्मत की दाद दे रहे हैं और पुलिस के सामने सच्चाई रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। यह पूरा मामला हरियाणा के अशोका यूनिवर्सिटी का है।

हरियाणा पुलिस ने सोनीपत के अशोका यूनिवर्सिटी में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें चार यूनिवर्सिटी के छात्र पहुंचे थे। इसी कार्यक्रम के दौरान बाबा भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट ने स्टेज पर मौजूद पुलिस अधिकारी से तीखे सवाल किए। छात्र अपनी सीट पर खड़े होकर सवाल कर रहा था जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। छात्र ने कॉलेज के पास गांजे की आसान पहुंच को रोकने में पुलिस की नाकामी को उजागर किया। वायरल वीडियो में छात्र कहता है, सर हमने इतना बड़ा कार्यक्रम देखा है नशा मुक्ति अभियान का और यूनिवर्सिटी नशे का सबसे बड़ा एपीसेंटर है। सर आज हम चार यूनिवर्सिटी के बच्चे यहां बैठे हैं। आज गांजा मिलना या कोई नशीली सामग्री मिलना टॉफी-लॉलीपॉप जितना मिलना आसान है। सर अगर एक फर्स्ट या सेकेंड ईयर का बच्चा गांजे के डीलर को ट्रैक कर सकता है तो पुलिस क्यों नहीं कर पाती? क्या पुलिस ही पीछे छूट गई है? सर मेरा जो मानना है क्योंकि मैं भी सोसाइटी में रहता हूं, यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट हूं, सर यहां सामने चौकी है और चौकी के सामने ही गांजा मिलता है। सर क्या आपको नहीं लगता ये पुलिस की नाकामी है? नशा मुक्ति को लेकर जब छात्र कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुलिस से बेझिझक तीखे सवाल कर रहा था।



## रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किया हमला, 7 की मौत, 15 घायल

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन के शहरों पर हमले लिए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने निप्रॉपेट्रोस, डोनेट्स्क, खारकिव और खेरसॉन क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना दी। सेना ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के दौरान रूस ने ओडेसा शहर के बंदरगाह को मिसाइल से निशाना बनाया। हमलों में पांच लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता नतालिया हुमेनियुक ने कहा, यह हमला किसी भी तरह से किसी विशिष्ट यात्रा से जुड़ा नहीं है। यह उस आतंक से संबंधित है जिसे रूस बहुत व्यवस्थित तरीके से अंजाम दे रहा है। गवर्नर सेरही लिसाक का कहना है कि रूस ने बुधवार को निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में निकोपोल को दिन में तीन बार निशाना बनाया। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की ओर से किए एक ड्रोन हमले में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई, साथ ही एक शॉपिंग सेंटर को भी निशाना बनाया गया। हमले से सेंटर में भायनक आग लग गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग करीब चार हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गई। गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने बताया कि डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी हमलों में नेताइलोव गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक हमले में क्लेबन-बायक गांव में दो लोग घायल हो गए और दूसरे हमले में पोक्रोव्स्क में एक व्यक्ति घायल हो गया। रूस के मिसाइल हमलों में खारकिव क्षेत्र के बोरोवा गांव में एक 70 साल के व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, हमले से क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे में दबी महिला को बचाया गया और उसके पांच बच्चे भी घायल हो गए। वहीं पड़ोस का एक व्यक्ति भी घायल हो गया।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने अनिवार्य सैन्य सेवा के तहत भर्ती सिपाहियों को हटाने के दिए आदेश



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने अनिवार्य सैन्य सेवा के सिपाहियों को सेवामुक्त करने के एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने राष्ट्रपति की वेबसाइट पर गुरुवार को प्रकाशित आदेश का हवाला देते हुए बताया कि मार्शल लॉ के कारण कार्यकाल बढ़ाए गए सैनिक अप्रैल और मई में देश के सैन्य रिजर्व में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, रक्षा कार्यों के संदर्भ में लोगों को बदलने के लिए अप्रैल से सिपाहियों को रिजर्व में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ सिपाहियों ने पहले ही रक्षा बलों में सेवा देने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

### खार्किव में 57 बस्तियों से लोगों को निकालेगा यूक्रेन



**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन में एक रिजनल गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में स्थित 57 बस्तियों से लोगों को निकालने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सिनेगुबोव ने गुरुवार को क्षेत्रीय रक्षा परिषद की बैठक के बाद अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा, हमने 57 बस्तियों से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए अनिवार्य राहत बचाव शुरू करने का फैसला किया है। इसके अलावा वेलिकि बर्लुक और ओलखोवत्स्की जिले में स्थित 18 बस्तियों से बच्चों, उनके माता-पिता और कानून की जानकारी देने वाले लोगों को बचाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, इस काम में क्षेत्रीय प्राधिकारी पुलिस सहित स्वयंसेवकों की मदद करेंगे।

## मानवीय सहायता के लिए गाजा में अस्थायी बंदरगाह बनाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन , एजेंसी।** गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका ने वहां एक अस्थाई बंदरगाह बनाने का निर्णय किया है। इसकी घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में करेंगे। यह जानकारी एक अधिकारी ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। अधिकारी ने बताया,आज रात अपने भाषण में, राष्ट्रपति बाइडेन अमेरिकी सेना को गाजा तट पर भूमध्य सागर में एक अस्थाई बंदरगाह बनाने का निर्देश देंगे। इसके जरिए गाजा के नागरिकों को भोजन, पानी, दवा और अस्थायी आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अधिकारी के हवाले से बताया कि बंदरगाह कुछ ही हफ्तों में चालू हो जाएगा। अधिकारियों ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अपने सहयोगियों की भागीदारी से इस कार्य को अंजाम देगी।

## इजराइली हमलों से तबाह गाजा रोटी-रोटी को मोहताज, यूएन ने की निंदा



**जिनेवा , एजेंसी।** गाजा पर इजराइल द्वारा किया जा रहा हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में इजराइल ने गाजा में खाद्य प्रणाली को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है, जिसकी वजह से अब वहां लोग भूखे मरने की कगार पर आ चुके हैं। इजराइल के इस कदम की संयुक्त राष्ट्र संघ ने आलोचना की है। यूएन ने गाजा में जारी भूखमरी को रोकने का आग्रह किया है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में विशेष दूत माइकल फाखरी ने कहा कि इजराइली बमबारी में गाजा के 15 फीसद अधिक मत्स्य पालन क्षेत्र तबाह हो चुके हैं। वहीं, एक विशेषज्ञ ने कहा कि इजराइल ने गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनियों के खिलाफ भूखमरी अभियान चलाया है। इस अभियान के अंतर्गत इजराइल लगातार गाजा के मत्स्य पालन क्षेत्र को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2023 से इजराइल ने सभी समुद्री मार्गों को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, इजराइली सैनिकों ने गाजा के सभी बंदरगाहों और मत्स्य पालन के सभी ठिकानों को भी नेस्तनाबूत कर दिया। रफा में 40 में से अब दो नाव ही सुरक्षित बचे हैं। खान यूनिस में इजराइल 75 फीसद से भी अधिक मत्स्य पालन के क्षेत्रों को तबाह कर चुका है। फाखरी ने कहा कि एन्क्लेव में मछली पकड़ने की आजीविका के विनाश ने गाजा में लोगों के लिए भोजन के अधिकार को कमजोर कर दिया है और उन्हें भूख और भुखमरी में धकेल दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजराइली सैनिकों के हमले की निंदा की थी। दरअसल, सैनिकों ने बीते 29 फरवरी को गाजा के दक्षिण-पश्चिमी में आटा लेने के लिए एकत्रित हुए फिलिस्तीनियों पर हमला कर दिया था। इस हमले की जद में आकर 112 लोग मारे गए थे। वहीं, 760 बुरी तरह जख्मी हो गए थे। इजराइल की सेना ने पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के हमले से जुड़ी विफलताओं की जांच शुरू कर दी है। हमले में सैकड़ों नागरिकों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक का अपहरण कर लिया गया था। सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ हर्ज़ी हलेवी ने कमांडरों को लिखे एक पत्र में लिखा, अचानक हुए हमले में सैकड़ों नागरिकों और सैनिकों की जान चली गई। सुरक्षाकर्मी हमले को रोकने व लोगों की जीवन की रक्षा करने में विफल रहे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जांच में खुफिया विफलताओं की भी तहकीकात की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों ने सीमा पार कर इजराइल पर हमला कर दिया था। हमले में लगभग 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और 253 व्यक्तियों को बंधक बना लिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129